

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 27 मार्च 2026 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-09 ■ वर्ष -41 ■ अंक-353 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 28 मार्च 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## पेट्रोल 10 रुपये सस्ता,डीजल पर भी उत्पाद शुल्क शून्य

**नई दिल्ली,27 मार्च।** वित्त मंत्रालय की तरफ से 26 मार्च को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। जबकि डीजल पर यह शुल्क पहले के 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। भारत सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया है और डीजल पर इसे शून्य कर दिया गया है। इसके चलते तेल कंपनियों को बड़ी राहत के आसार हैं। खबर है कि इसका फैसला देर हुई उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल थे। शुल्क घटने के बाद से तेल कीमतों में कुछ राहत मिलने के आसार हैं। यह फैसला ऐसे समय पर लिया गया है, जब अमेरिका और ईरान युद्ध के चलते ईंधन संकट की अटकलें हैं।

देर रात आपातकाल बैठक बुलाई गई थी और 10 रुपये प्रति लीटर शुल्क कम करने का फैसला लिया गया था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से लिखा है कि पीएम मोदी ने हालात की समीक्षा की और अधिकारियों को सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर आम जनता पर न पड़े। इसके कुछ समय बाद ही वित्त मंत्रालय ने एक्साइज ड्यूटी में कटौती की घोषणा कर दी थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पोस्ट किया, 'पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर घरेलू इस्तेमाल वाले पेट्रोल-डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10-10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। इससे ग्राहकों को मूल्य वृद्धि से सुरक्षा मिलेगी।' उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी संसद को भी दे दी है।

**कंपनियों को ज्यादा फायदा**-वित्त मंत्रालय की तरफ से 26 मार्च को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। जबकि डीजल पर यह शुल्क पहले के 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि शुल्क की कटौती का असर पेट्रोल पंप की कीमतों में दिखने की संभावनाएं कम हैं। इसकी वजह है कि इसका लाभ तेल कंपनियों को मिलेगा। भारत में ईंधन कंपनियां दबाव में हैं। क्योंकि अमेरिका और इजरायल की तरफ से ईरान



पर 28 फरवरी को हमला किए जाने के बाद से अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद पेट्रोल और डीजल के खुदरा दाम स्थिर बने हुए हैं।

**विपक्ष ने लगाए आरोप**-कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि सरकार को सुर्खियां बटोरने और लोगों को मूर्ख बनाने के बजाय उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत देना चाहिए। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पोस्ट किया, 'अगर आपने पेट्रोल और डीजल की कीमतें 'कम होने' की सुर्खियां देखीं और सोचा कि सरकार ने आपकी जेब को राहत दी है तो आप गलत हैं। फिलहाल, डीलरों और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें समान हैं।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से तेल विपणन कंपनियां घाटा झेल रही हैं। सरकार अब केवल उस बोझ का एक छोटा सा हिस्सा साझा करने पर सहमत हुई है, लेकिन 'विशेष अतिरिक्त' शुल्क को कम कर रही है, वह भी लगभग एक महीने बाद।'उन्होंने उपभोक्ताओं के लिए राहत सिर्फ कहानियों में है, वास्तविकता में नहीं है।

### मुख्यमंत्री ने आभार व्यक्त किया

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस निर्णय से देश के प्रत्येक परिवार, किसान, श्रमिक और मध्यमवर्ग को व्यापक राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में भी केंद्र सरकार द्वारा आम नागरिकों पर अतिरिक्त बोझ न बढ़ने देना एक बड़ी संवेदनशील पहल है, जो आमजन के जीवन को सीधे प्रभावित करेगी। मुख्यमंत्री साय ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए छत्तीसगढ़ की समस्त जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

## छग में आरटीई सीटों में कमी पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,27 मार्च।** छत्तीसगढ़ में शिक्षा का अधिकार के तहत आरक्षित सीटों में कमी और निजी स्कूलों की अनियमितताओं को लेकर हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत हलफनामे में कई विरोधाभास पाए और स्कूल शिक्षा विभाग को सभी बिंदुओं पर विस्तृत और स्पष्ट जवाब देने के निर्देश दिए।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से यह स्पष्ट करने को कहा था कि जब पहले आरटीई के तहत करीब 85 हजार सीटें थीं तो उनमें लगभग 30 हजार की कमी कैसे आई। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इस बार सुनवाई में राज्य की ओर से बताया गया कि सचिव चुनाव आयोग की ड्यूटी के कारण असम में तैनात हैं, इसलिए उनकी जगह संयुक्त सचिव ने 21 मार्च को हलफनामा प्रस्तुत किया। कोर्ट ने इसे रिकॉर्ड पर तो ले लिया, लेकिन उसमें दी गई जानकारी पर असंतोष जताया।

हलफनामे में दुर्ग जिले की 118 शिकायतों में से 77 के निपटारे का दावा किया गया, जबकि कोर्ट के सामने प्रस्तुत दस्तावेजों में केवल 7 शिकायतों के निराकरण की बात सामने आई। इस विरोधाभास को लेकर कोर्ट ने नाराजगी जताई और राज्य के दावों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। आरटीई सीटों के मुद्दे पर राज्य सरकार ने यह तर्क दिया कि आगामी सत्र 2026-27 में प्री-प्राइमरी स्तर पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा, क्योंकि आरटीई कानून केवल 6 से 14 वर्ष के बच्चों पर लागू होता है। सरकार के अनुसार, पिछले सत्र के 35,335 छात्र कक्षा 1 में जाएंगे और नए 19,540 छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा, जिससे कुल 54,875 छात्रों को आरटीई के तहत लाभ मिलेगा। इस आधार पर राज्य ने सीटों में कमी के आरोप को गलत बताया। सुनवाई के दौरान निजी स्कूलों की अनियमितताओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। नारायणा टेक्नो स्कूल और ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जैसे संस्थानों पर सीबीएसई संबद्धता का गलत दावा कर अभिभावकों को भ्रमित करने, पूरे साल होम एग्जाम लेने के बाद अचानक बोर्ड परीक्षा के लिए मजबूर करने और मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने के आरोप लगे। कोर्ट को यह भी बताया गया कि जो अभिभावक इन अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन्हें स्कूल प्रबंधन द्वारा आपराधिक मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है। इस पर कोर्ट ने चिंता जताते हुए इसे गंभीर मामला माना। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव को निर्देश दिया है कि वे सभी मुद्दों पर विस्तृत हलफनामा अगली सुनवाई से पहले प्रस्तुत करें। साथ ही, जिन मामलों में अब तक राज्य सरकार ने जवाब दाखिल नहीं किया है, उन्हें भी जल्द प्रस्तुत करने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है।

### 'पदोन्नति पाना कर्मचारी का मौलिक अधिकार नहीं': हाईकोर्ट

**बिलासपुर,27 मार्च।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सरकारी सेवाओं में पदोन्नति को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण कानूनी स्थिति स्पष्ट की है। जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी भी कर्मचारी के पास पदोन्नति पाने का 'निहित अधिकार'नहीं होता, बल्कि उसे केवल नियमों के तहत पदोन्नति के लिए 'विचार किए जाने'का अधिकार प्राप्त है।यह पूरा मामला मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद पर होने वाली पदोन्नति के नियमों से जुड़ा था। पुष्पा खलखो और अन्य अधिकारियों ने याचिका दायर कर राजस्व निरीक्षकों को सीएमओ पद पर प्रमोट करने के नियमों को चुनौती दी थी। उनका कहना था कि सिविल पदों पर कार्यरत अधिकारी और राजस्व निरीक्षक दो अलग-अलग श्रेणियां हैं। इन्हें एक समान मानकर प्रमोशन देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है।

## रामनवमीं के उल्लास में डूबी राजधानी

**रायपुर,27 मार्च।** रायपुर में आज रामनवमी का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. शहर के मठ और राम मंदिर आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमगा उठे हैं. भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर सुबह से ही भक्ति का माहौल है, वहीं शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी. करीब 500 साल पुराने प्राचीन दूधाधारी मठ और जैतूसाव मठ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण का विशेष अभिषेक किया जाएगा. महंत राम सुंदर दास द्वारा सोने के मुकुट से भगवान का श्रृंगार किया जाएगा. वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर को विशेष रूप से आकर्षक सजावट से सजाया गया है, जहां शाम को आतिशबाजी भी देखने को मिलेगी. वहीं ब्राह्मणपारा स्थित सोहागा मंदिर में आज सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा. शाम 5:30 बजे से भक्त मंडलियां भक्ति प्रस्तुति देंगी. कार्यक्रम के बाद मंगल आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. शांतिनगर श्रीराम मंदिर में आज विशेष पूजन और संकीर्तन का आयोजन किया गया है. सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक सुंदरकांड पाठ, इसके बाद भजन-कीर्तन और आरती होगी. दोपहर 2 बजे तक महाप्रसाद भंडारे का आयोजन रहेगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे.



समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रामनवमी के अवसर पर महापूर्णाहुति का आयोजन किया जा रहा है. यहां पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ चल रहा है, जिसमें श्रद्धालु यज्ञ में आहुति देकर जनकल्याण, समाज कल्याण और राष्ट्र कल्याण की कामना कर रहे हैं.

### खामेनेई के पोस्टर लहराए हंगामे से सदन स्थगित

**श्रीनगर,,27 मार्च।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आज कार्यवाही शुरू होने से पहले ही जोरदार हंगामा देखने को मिला। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के विधायक सीधे वेल में उतर आए और नारेबाजी शुरू कर दी। हाथों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह खामेनेई की तस्वीरें लेकर विधायकों ने इजरायल और अमेरिका के खिलाफ जमकर नारे लगाए। माहौल इतना गरमा गया कि सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बाधित हो गई। हंगामे के चलते विधानसभा को करीब 30 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। इससे पहले एनसी विधायकों ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव भी दिया था, लेकिन विरोध इतना तेज था कि कोई कामकाज नहीं हो सका। सदन के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, लेकिन विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा।

## मूक-बधिर पीड़िता की गवाही को हाईकोर्ट ने माना वैध

### दुष्कर्म मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा बरकरार

**बिलासपुर,27 मार्च।** हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल मूक-बधिर होने पर किसी गवाह की बात को खारिज नहीं किया जा सकता। संकेतों से दी गई जानकारी को भी कानूनी तौर पर मौखिक साक्ष्य माना जाता है। हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए अपील खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने डिवीजन बेंच ने मूक-बधिर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले को मरते दम तक उम्र कैद की सजा सुनाई है। आरोपी वर्तमान में जेल में बंद है और उसे अपनी पूरी सजा काटनी होगी। इस मामले में पीड़िता बोल और सुन नहीं सकती थी, इसलिए उसकी गवाही के लिए प्लास्टिक की गुड़िया का सहारा लिया गया। बता दें कि बालोद जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय युवती 29 जुलाई 2020 को घर पर अकेली थी। उसके माता-पिता खेत में काम करने गए थे। तभी उसका रिश्तेदार नीलम कुमार देशमुख घर में घुस गया। उसने युवती के साथ रेप किया। शाम को जब मां घर लौटी तो मूक- बधिर बेटी ने अपनी मां को इशारों में अपने साथ हुई दरिंदगी की कहानी सुनाई और आरोपी की पहचान बताई। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाना लेकर गए और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आईपीसी की धारा 450 और 376(2) के तहत केस दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया था।

पीड़िता जन्म से ही बोलने और सुनने में अक्षम थी, इसलिए कोर्ट के सामने उसकी गवाही दर्ज कराना एक बड़ी चुनौती थी। सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट ने साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट की मदद ली। जब कुछ सवाल पूछने में दिक्कत आई तो कोर्ट ने प्लास्टिक की गुड़िया मंगवाई। पीड़िता ने गुड़िया के माध्यम से संकेतों और इशारों से प्रदर्शन करके दिखाया कि आरोपी ने उसके साथ किस तरह से गलत काम किया था। इस आधार पर ट्रॉयल कोर्ट ने आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की गई थी।

मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पीड़िता की गवाही पूरी तरह से भरोसेमंद है। इसके अलावा मेडिकल और फॉरेंसिक रिपोर्ट ने भी पुष्टि की। कोर्ट ने कहा कि केवल मूक-बधिर होने के आधार पर किसी गवाह की बात को खारिज नहीं किया जा सकता। संकेतों के माध्यम से दी गई जानकारी को भी कानूनी तौर पर मौखिक साक्ष्य माना जाता है। कोर्ट ने आरोपी को आईपीसी की धारा 376(2) के तहत मौत होने तक उम्रकैद और धारा 450 के तहत 5 साल जेल की सजा सुनाई है। साथ ही 21 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

## भगवान राम का सूर्य तिलक

**नई दिल्ली,27 मार्च।** अयोध्या में राम नवमी 2026 का पर्व भव्यता से मनाया गया, जिसका मुख्य आकर्षण राम मंदिर में हुआ 'सूर्य तिलक' समारोह था। इस वैज्ञानिक और पारंपरिक अनुष्ठान के साक्षी बनने के लिए लाखों श्रद्धालु उमड़े, जिसके लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की। शुक्रवार को लेंसों की उन्नत प्रणाली की बदौलत सूर्य की रोशनी गर्भगृह में प्रवेश करती है और कुछ मिनटों के लिए देवता के माथे पर एक चमकदार तिलक बनाती है। यह समारोह दिव्य आशीर्वाद का प्रतीक है और परंपरा एवं आधुनिक विज्ञान का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। भक्तों की व्यापक भागीदारी



सुनिश्चित करने के लिए मंदिर अधिकारियों ने अयोध्या भर में लाइव स्क्रीनिंग की व्यवस्था की, जिससे हजारों भक्त इस क्षण के साक्षी बन सके। आज सुबह अयोध्या में राम नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, क्योंकि हजारों लोग दूर-दराज के क्षेत्रों से धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए अत्यंत उत्साह के साथ पहुंचे। पवित्र स्नान करने के बाद, श्रद्धालु अयोध्या के राम मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में प्रार्थना करने के लिए उमड़ पड़े। पूरा शहर गहरी भक्ति के वातावरण में डूबा रहा और "जय श्री राम" के जयकारे गूंजते रहे। भगवान श्री राम की जयंती मना रहे श्रद्धालुओं में उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था।

अयोध्या में राम नवमी का पवित्र पर्व अत्यंत श्रद्धापूर्वक मनाया गया और राम मंदिर में भव्य सूर्य तिलक समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष अयोध्या में भव्य उत्सव का आयोजन राम जन्मभूमि मंदिर में बहुप्रतीक्षित सूर्य तिलक समारोह के साथ किया जा रहा है। उत्सव का एक प्रमुख आकर्षण सूर्य तिलक अनुष्ठान है, जो ठीक दोपहर 12:00 बजे संपन्न होता है। इस अनूठे समारोह के दौरान, मंदिर के भीतर स्थित राम लल्ला प्रतिमा के माथे पर वैज्ञानिक विधि से सूर्य की किरण डाली जाती है। राम नवमी पर, पीएम नरेंद्र मोदी ने भगवान राम लला से प्रार्थना की और अयोध्या राम मंदिर में सूर्य तिलक समारोह का अवलोकन किया। दर्पणों और

### गिरौदपुरी धाम में भीषण आग

**बलौदाबाजार,27 मार्च।** प्रमुख आस्था केंद्र गिरौदपुरी धाम स्थित मंदिर परिसर के आसपास शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक ट्रांसफार्मर में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास लगी करीब 10 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में कपड़े, साड़ी और लकड़ी से निर्मित दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक ट्रांसफार्मर पर एक बंदर के कूदने से डीओ (ड्रॉप आउट फ्यूज) उड़ गया, जिससे चिंगारी निकली और आग भड़क उठी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी गिरौदपुरी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी पडवार के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने बिना समय गंवाए स्थानीय नागरिकों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने में दूरी के कारण विलंब संभावित था और आशंका थी कि आग मंदिर परिसर तक पहुंच सकती है। ऐसी स्थिति में पुलिस जवानों और ग्रामीणों ने बाल्टी, बर्तन व अन्य संसाधनों से पानी डालकर आग को फैलने से रोका। पुलिस की तत्परता और साहस से आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया। बाद में फायर ब्रिगेड वाहन के पहुंचने पर आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। इस घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन दुकानों में रखे सामान को भारी नुकसान पहुंचा है।




## एक नजर

### ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई, 27 मार्च (तछसं.)।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर एक कारोबारी को ठग ने पहले वाट्सएेप पर लिंक भेजा गया है फिर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया शुरुआत में मुनाफा दिया गया लालच में आकर कारोबारी ने ठग के खाते में लगभग 16.61 लाख ट्रांसफर कर दिए, लेकिन उन्हें मुनाफे का पैसा नहीं मिला बाद में ठगी का एहसास होने पर रिपोर्ट दर्ज कराया नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली के रहने वाले राजीव अग्रवाल (36 साल ) की हार्डवेयर की दुकान है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 अक्टूबर 2024 को वाट्सऐप पर मैसेज आया इस में ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए से हर दिन 2 हजार से 3 हजार रुपए कमाने का लालच दिया गया था। शुरुआत में कारोबारी ने इस मैसेज को नजरअंदाज कर दिया था। कुछ दिनों बाद ठगों ने दोबारा संपर्क किया और बिना किसी निवेश के कमाई का भरोसा दिलाया उन्होंने कारोबारी को लिंक भेजा। इसे खोलने पर 1055 रुपए मिलने का दावा किया गया। बैंक डिटेल शेयर करने के बाद पैसे रिवीस होने का मैसेज आया इस शुरुआती मुनाफे के बाद पीड़ित पूरी तरह से ठगों के झांसे में आ गए आरोपियों के कहने पर उन्होंने 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2024 के बीच कई अलग-अलग लेनदेन किए राजीव अग्रवाल ने अपने पंजाब नेशनल बैंक खाते से 7,31,890 रुपए और उनकी पत्नी एकता अग्रवाल के खाते से 9,30,531 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इस प्रकार कुल 16,61,421 रुपए साइबर ठगों के खातों में चले गए जब लंबे समय तक कोई मुनाफा नहीं मिला और संपर्क टूट गया, तब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ इस के बाद उन्होंने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। नेवई थाना पुलिस ने मामले में धारा 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

### मैनेजर से लूट,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 27 मार्च (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र के ट्रेन मैनेजर को रोककर बदमाश मोबाइल और नगद छीनकर भाग गए रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 304 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि हरिनगर कल्पना निवास कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी ए. नारायण राव (56 साल ) रेलवे में ट्रेन मैनेजर के पद पर बीएमवायलाबी चरोदा में पदस्थ हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीएमवाय लाबी में ट्रेन मैनेजर की ड्यूटी में जा रहा था तेलहा नाला खुर्सीपार के पास पहुंचे थे तो अज्ञात दो लड़कों ने प्रार्थी को हाथ देकर रोका प्रार्थी ने अपनी स्कूटी रोका दोनों लड़के प्रार्थी के जेब में रखे मोबाइल व पर्स में रखे 1200 रुपए नगद एवं उम्मीद कार्ड आधार कार्ड रेलवे का कार्ड छीनकर भाग गए रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

### जय माता दी के जयकारों से गूंजा निगम, महापौर ने कन्याओं को कराया स्नेह भोज



**दुर्ग,27 मार्च।** नगर पालिक निगम दुर्ग। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर निगम दुर्ग परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर में महाअष्टमी के अवसर पर हवन के बाद कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधि एवं निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर कन्याओं को स्नेहपूर्वक भोजन कराया।मां दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में कन्या भोज एवं महाप्रसादी वितरण किया गया, जिसमें महापौर स्वयं शामिल होकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण में सहभागी बनीं।पूरे कार्यक्रम के दौरान निगम परिसर भक्ति-भाव से सराबोर रहा। नगर निगम परिवार के साथ बड़ी संख्या में शहरवासी भी उपस्थित रहे। माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात महाअष्टमी उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। महापौर अलका बाघमार एवं देवनारायण चंद्रकार,लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन,विद्यावती सिंह,रंजीता पाटिल,कुलेश्वर साहू,नीरा खिचरिया, ललिता ठाकुर,युवराज सहित निगम अधिकारी/कर्मचारी ने विधि-विधान से हवन में आहुति देकर शहरवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने समस्त शहरवासियों को महाअष्टमी एवं रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चैत्र नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें शक्ति, श्रद्धा एवं सेवा का संदेश देता है। नागरिकों के सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने पुनर्वास केंद्र दंतेवाड़ा में युवाओं से की मुलाकात और इलेक्ट्रिकल टूल किट का किया वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,27 मार्च।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने गुरुवार को दंतेवाड़ा स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर पुनर्वासित युवाओं से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को इलेक्ट्रिकल टूल किट एवं वेलकम किट का वितरण किया। नवरात्रि के अंतिम दिन उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने दंतेवाड़ा पहुंचकर उन्होंने माँ दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इसके पश्चात वे पुनर्वास केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से चर्चा की और उनकी आवश्यकताओं एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली। युवाओं ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद वे अपने गृह ग्राम लौटकर खेती-किसानी करना चाहते हैं। इस पर श्री शर्मा ने आश्वस्त किया कि इच्छुक युवाओं को कृषि संबंधी प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।उपमुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पुनर्वास नीति का उद्देश्य उन्हें मुख्यधारा से जोड़कर सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने युवाओं से अपने अन्य साथियों को भी पुनर्वास के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया, ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर उज्ज्वल भविष्य बना सकें। उन्होंने पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, भोजन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की समीक्षा की। युवाओं द्वारा स्वयं भोजन बनाने की इच्छा जताने पर उन्होंने अनुमति प्रदान करते हुए कहा कि इच्छुक युवा स्वेच्छा से भोजन बना सकते हैं।शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पुनर्वासित युवाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जाए तथा केंद्र से बाहर जाने से पूर्व उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनाना भी सुनिश्चित किए जाएं। उपमुख्यमंत्री उनसे अपील की कि यदि उनके परिजन या पहचान के लोग जेल में निरुद्ध हैं तो वे उनसे मिल सकते हैं या वे पुनर्वास केंद्र में आकर साथियों से मुलाकात कर सकते हैं और यदि वे जेल से पुनर्वास करना चाहें तो भी शासन उनकी हर संभव मदद कर जेल से पुर्नवास कराने को तैयार है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में केंद्र में कुल 107 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 60 बीजापुर एवं 47 दंतेवाड़ा जिले के हैं। यहां इलेक्ट्रिकल, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सिलाई और ड्राइविंग जैसे रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। अब तक 7 युवाओं को ड्राइविंग के क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है तथा 75 युवाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया है।

गुरुवार को उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा बस्तर से कभी अति संवेदनशील क्षेत्र माने जाने वाले मारडूम घाटी मार्ग से होते हुए चित्रकूट, लोहंडीगुड़ा और बारसूर के रास्ते दंतेवाड़ा पहुंचे थे। इसके माध्यम से उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि कभी दुर्गम माने जाने वाले मार्ग भी अब सुगम हो गए हैं। अब लोग बिना किसी भय के रात हो या दिन निर्भय होकर इन पर सफर कर सकते हैं। उन्होंने दंतेवाड़ा स्थित सीआरपीएफ बटालियन कैंप पहुंच, जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारे सैन्य बलों के शौर्य का ही परिणाम है कि आज बस्तर संभाग में अब तक लोगों की नजरों से छुपे हुए नए नए पर्यटन केंद्रों में पहुंच कर लोग बस्तर के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले रहे हैं और स्थानीय लोगों को इससे रोजगार भी प्राप्त हो रहा है।

# नवमी पर कन्या भोज, जवारा विसर्जन एवं जगह-जगह भंडारे का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 27 मार्च।** चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर आज शहर में आस्था, श्रद्धा और सेवा भाव का अनोखा दृश्य देखने को मिला। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कन्या भोज, जवारा विसर्जन एवं भोग-भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया और आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से ही मंदिरों और घरों में कन्या पूजन की तैयारियां शुरू हो गई थीं। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनके पैर धोए, तिलक लगाया और उन्हें स्वादिष्ट व्यंजन परोसे। कई स्थानों पर पूड़ी, चना, हलवा और मिठाइयों के साथ विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। शहर के सामाजिक संगठनों और युवाओं ने भी इस अवसर पर बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। जगह-जगह सामूहिक कन्या भोज का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों कन्याओं को सम्मानपूर्वक भोजन कराया गया। सब्जी मंडी में मंदिर समिति के आयोजक नरसिंह राजभर ने बताया कि यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ी है, बल्कि समाज में सेवा और समानता का संदेश भी देती है। इस दौरान सुरक्षा और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया। कई स्थानों पर स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं और आने-जाने वाले लोगों को सुविधा प्रदान की। नवमी के इस पावन अवसर पर पूरा भिलाई शहर भक्ति और उल्लास में डूबा नजर आया। कन्या भोज के माध्यम से लोगों ने मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ समाज में प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश भी फैलाया।



## गर्मी के कारण रेस्टोरेंट में लस्सी की बिक्री से व्यापारी खुश

**कवर्धा, 27 मार्च।** आज तेज गर्मी होने के कारण लस्सी खरीदकर पीते हुए लोग दिख रहे है । कल्पना रेस्तरांटेंट ब्रांच मैनेजर ने बताया की लस्सी , दही , छाछ ओर आइस स्क्रीम , कोल्ड ड्रिंक की बिक्री बढ़ गई है साथ ही त्यौहार के कारण मिठाई भी खूब बिक रही है ।

# भाजपा जामुल मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संभाला दायित्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**जामुल,27 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती स्वीटी कौशिक द्वारा जिले के सभी 13 मंडलों की नई कार्यकारिणी में जामुल मंडल से योगिता साहू को महिला मोर्चा अध्यक्ष तथा प्रिया गुप्ता और फुलेश्वरी निर्मलकर को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष से भेंट कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया तथा प्रदेश नेता रेखराम बंछोर और पालिकाध्यक्ष से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंडल द्वारा सभी पदाधिकारियों का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया और शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में महामंत्री ओमप्रकाश साहू, ध्रुव देवांगन, वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री नूतन वर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक सिंह, स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय, सदस्य भारत राम रामटेके, पांचूराम सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 21वीं सदी की नई शिक्षा प्रणाली पर व्याख्यान में शिक्षकों को दिए व्यवहारिक शिक्षा के सुझाव

**भिलाई, 27 मार्च।** 21वीं सदी की नई शिक्षा प्रणाली के संबंध में 25 मार्च को महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, कैम्प-1 भिलाई में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता देवेंद्र कुमार दुबे ने शाला परिवार के शिक्षकों को संबोधित करते हुए नई शिक्षा प्रणाली के जीवनोपयोगी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में केवल पुस्तक आधारित ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि सकारात्मक सोच, उत्तम लोक व्यवहार और जीवन कौशल भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने व्यक्ति निर्माण, आर्थिक स्वावलंबन तथा शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष जोर दिया। दुबे ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों को अच्छे स्वास्थ्य, सजग मन, सकारात्मक दृष्टिकोण और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करें।




### तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के पदाधिकारियों के पदग्रहण समारोह एवं विशाल सम्मेलन में शामिल हुए लेख राम साहू

**अंवरी, 27 मार्च।** हैदराबाद तेलंगाना में माननीय श्री मल्लिका अर्जुन खड़गे जी अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली श्री राहुल गांधी जी पूर्व अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली श्री भूपेश बघेल जी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं पंजाब के प्रभारी श्री अनिल जय हिंद जी अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नई दिल्ली के निर्देश पर बैठक लिया गया इस बैठक में वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर पिछड़ा वर्ग को राष्ट्रीय स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने का लक्ष्य लेकर योजना बनाया जाएगा वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए अच्छे योग्य एवं ईमानदार कार्यकर्ताओं की चुनाव किया जाए ताकि शहर से लेकर ग्रामीण तक घर-घर पहुंचकर कांग्रेस द्वारा बनाए गए जनहित योजनाओं को जन-जन तक समझाया जाकर भारत के जनता को जागरुक एवं सतर्क किया जा सकेलेख राम साहू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे पिछड़ा वर्ग हैदराबाद तेलंगाना के दायित्व वरिष्ठ नेताओं के द्वारा सौपा गया है इस बैठक का उद्देश्य है कि भारत के अंदर पिछड़ा वर्ग को राजनीतिक शिक्षा व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में आगे लाकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा ।



## गुरुकुल पब्लिक स्कूल में किड्स कैंप का आयोजन

**कवर्धा, 27 मार्च।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल में 26 मार्च से 29 मार्च तक किड्स कैंप का आयोजन किया जा रहा है।26 मार्च को किड्स कैंप के आरंभिक दिवस पर संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगणए शाला के प्राचार्यए समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ अधिकांश संख्या में नन्हें मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बताया कि इस किड्स कैंप में लगभग 300 बच्चे भाग ले रहे हैं।इन बच्चों की उम्र के हिसाब से तीन समूहों यथा मिकी वर्ग ; 3 से 4 वर्षद्धए डोनाल्ड ;4से5 वर्षद्धतथा गुफी वर्ग ;5 से 6 वर्षद्ध में विभाजित किया गया है। नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलए विविध प्रकार की गतिविधियाँ ए नृत्य और संगीतए चित्रकलाए पैंटिंगएपप्पेट शॉए पेपर क्राफ्टएपूल पार्टीएरैन डांसए मुवी थिएटरएलिफआर्ट तथा स्टोन आर्ट जैसी मनोरंजक गतिविधियों के द्वारा बच्चों की अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का कार्य विद्यालय के कुशल प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया जा रहा है। शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने कहा कि इस किड्स कैंप का एकमात्र उद्देश्य है नन्हें मुन्ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के के माध्यम से नई चीजों को सिखाना।जिससे उनकी प्रतिभा का सही सदुपयोग हो सके। संस्था के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी गण ने इस कैंप के के आयोजन के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की है कि इस कैंप से अवश्य ही नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतिभा का विकास हो सकेगा।



### रामजानकी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया श्री रामनवमी उत्सव

**कवर्धा।** राम जानकी पर्व के दिन आज राम जानकी मंदिर में श्रधालुओं ने की पूजा की । मधु वैष्णव , पूर्णिमा वैष्णव गायत्री वैष्णव शील, डॉक्टर नीना वैष्णव , राजेंद्र वैष्णव , नीलम वैष्णव , अंजली नामदेव , श्रीमती संगीता वैष्णव , सुकृति पांडेय , रिंकी मिश्रा , छोटू मिश्रा , राजकुमार तिवारी , विजय वैष्णव , गायत्री वैष्णव सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की श्री राम लखन जानकी भगवान की पूजा की । पूजा के बाद भंडारा हुआ जिसमें हजारों लोग शामिल हुए । श्री राम नवमी में भारी उत्साह दिखा ।

# एनर्जी आइसोलेशन प्रैक्टिसेज पर लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन आयोजित



**भिलाई, 27 मार्च (तछसं.)।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कार्यस्थल सुरक्षा एवं दुर्घटना निवारण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए 26 मार्च को मानव संसाधन केंद्र में एनर्जी आइसोलेशन प्रैक्टिसेज पर एक लार्ज ग्रुप इंटरैक्शन (एलजीआई) का आयोजन किया गया। इस सत्र में संयंत्र के विभिन्न इकाइयों के लगभग 80 सुरक्षा अधिकारी, विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं इलेक्ट्रिकल प्रमुखों ने सक्रिय भागीदारी रही। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी ने की। उन्होंने विभिन्न विभागों से उपस्थित अधिकारियों की सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि अपर्याप्त एनर्जी आइसोलेशन औद्योगिक दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने सभी विभागों में लॉकआउट-टैगआउट (लोटो) प्रक्रियाओं के कड़ाई से एवं निरंतर अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया।तकनीकी सत्र का संचालन महाप्रबंधक पी. सतपथी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने एनर्जी आइसोलेशन प्रक्रियाओं का विस्तृत एवं व्यावहारिक विवरण प्रस्तुत किया तथा प्रतिभागियों को चर्चा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लोटो प्रक्रियाओं में होने वाली सामान्य त्रुटियों, जैसे बिना सत्यापन के अनुमान लगाना, साझा ताले का उपयोग, अज्ञात ऊर्जा स्रोत, समय के दबाव में प्रक्रियाओं की अनदेखी, अपर्याप्त प्रशिक्षण एवं शिफ्ट हैंडओवर में समन्वय की कमी जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें विशेष रूप से इस्पात संयंत्र की जटिल विद्युत प्रणालियों को ध्यान में रखते हुए उचित अर्थिंग एवं उपकरण आधारित सत्यापन को अत्यंत आवश्यक बताया गया।

# एटीएम चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 मार्च।**भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के 4 माह पूर्व ग्राम ननकट्ठी बस स्टैंड के पास स्थापित हिताची कंपनी के एटीएम मशीन को तोड़फोड़ कर उखाड़कर चोरी करने का प्रयास करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह उत्तरप्रदेश का निकला पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है आरोपियों का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी है उनका थाना माधवनगरए जिला कटनी ;मण्प्रण्द्धए थाना बावनाए जिला मेरठ ;उण्प्रण्द्ध जीआरपी थाना मेरठ ;उण्प्रण्द्ध में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण और थाना दोघाट ;उण्प्रण्द्ध में अपराध दर्ज है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ;ग्रामीण द्ध मणिशंकर चंद्रा लगभग 2 बजे थाना नंदिनी नगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम ननकट्ठी बस स्टैंड के पास स्थापित हिताची कंपनी के एटीएम मशीन को अज्ञात आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से तोड़फोड़ कर उखाड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया घटना की सूचना पर प्रार्थी विनय कुमार ;36 साल द्ध निवासी राजीव नगर सुपेला की रिपोर्ट पर मामले में धारा 331;3द्धए 305 ;एद्धए 62ए 324;4द्धए 3 ;5द्ध बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपीगण एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न राज्यों में एटीएम मशीनों को निशाना बनाते हैं। आरोपियों द्वारा घटना से पूर्व रायपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार रेकी कर सुनसान एवं हाइवे के समीप स्थित एटीएम का चयन किया जाता था आरोपियों ने ग्राम गनियारी से मेटाडोर चोरी कर घटना को अंजाम देने के लिए उपयोग किया गया। रस्सी एवं अन्य उपकरणों की सहायता से एटीएम मशीन को वाहन से बांधकर खींचकर उखाड़ने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान आसपास के लोगों के जागने पर आरोपी मौके से फरार हो गए थे

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने किया बड़ा खुलासा नंदिनी पुलिस ने बताया कि तकनीकी साक्ष्य एवं अंतरराज्यीय समन्वय के आधार पर थाना माधवनगर जिला कटनी ;मण्प्रण्द्ध के प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी आरीफ उर्फ बाटू ;35 वर्षद्ध निवासी रसूलपुरए जिला मेरठ ;उण्प्रण्द्ध एवं अहसान उर्फ एहसास ;35 वर्षद्ध निवासी ग्राम नकलाराईए जिला शामली ;उण्प्रण्द्ध की संलिप्तता स्थापित हुई। न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गयाए जिन्होंने पूछताछ में उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपियों ने यह भी बताया गया कि वे वारदात के दौरान मोबाइल बंद रखते थे तथा इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से संपर्क करते थे एवं एटीएम के सीसीटीवी कैमरों को निष्क्रिय करने के लिए पेंटथ्रीस का उपयोग करते थे ताकि फुटेज ना आ सके वारदात को अंजाम देने हर बार नए वाहन का उपयोग नंदिनी टीआई भानुप्रताप साव ने बताया कि गिरोह घटना में चोरी करने के लिये हर बार नए वाहन जो स्वयं का नहीं होता बल्कि किराये या खरीदी करने के नाम से वाहन स्वामी मांग कर लाते। जिस जगह घटना को अंजाम देते वहां पर

# श्रीरामनवमी पर श्रीराम के जयघोष से गूंजी इस्पातनगरी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 मार्च।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्रीरामनवमी के 41वें वर्ष के भव्य आयोजन में इस्पातनगरी भगवामय हो उठी। चारों दिशाओं से हजारों की संख्या में भगवा ध्वज और जय श्रीराम के नारों के साथ उत्साह से ओतप्रोत रामभक्त श्रीरामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जनसहयोग से बने महाप्रसाद को ग्रहण किया। साथ ही लेजर लाइट शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक स्वचलित झांकियों का भी आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु श्रीराम के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद हजारों श्रद्धालुओं ने सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आने वाली झांकियां और शोभायात्राएं सभास्थल पर पहुंचीं, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य वक्ता बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी (श्री पाटेश्वर धाम, जिला बालोद) ने विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल भगवान श्रीराम को स्मरण करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश देता है। उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि रखने की भावना पर जोर देते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन त्याग, मर्यादा और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यह आयोजन हमारी संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जो समाज को एकजुट करता है। वहीं समिति के संरक्षक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 1986 से शुरू हुआ यह आयोजन आज पूरे प्रदेश में एकता और संस्कृति का प्रतीक बन चुका है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भगवान श्रीराम के चरित्र को मानवता के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडे ने बताया कि समिति का उद्देश्य घर-घर राम नाम का संकल्प पहुंचाना है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एक मुट्ठी दान अभियान बना आकर्षण का केंद्र

समिति द्वारा चलाए गए ÷एक मुट्ठी दान, श्रीराम के नाम अभियान के तहत भिलाईवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। घर-घर से संग्रहित अन्न से बने महाप्रसाद को ग्रहण करने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

# गौठान पानी टंकी के अहाता निर्माण में सरकारी जमीन छोड़ने को लेकर जनप्रतिनिधियों में आक्रोश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मगरलोड 27 मार्च।** नगर पंचायत मगरलोड के गौठान परिसर स्थित पानी टंकी के आहता (बाउंड्री वॉल) निर्माण को लेकर नगर में तीखी बहस छिड़ गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिकों का आरोप है कि निर्धारित लेआउट के विपरीत कार्य कर जानबूझकर सरकारी जमीन का हिस्सा छोड़ा जा रहा है, जिससे नगर में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

में लगभग 330 फीट बाउंड्री वॉल निर्माण का लेआउट बनाया गया था और शुरुआती चरण में कॉलम गड्ढों की खुदाई भी कर दी गई थी। लेकिन अब अचानक निर्माण का दायरा कम कर दूसरी जगह कालम गड्ढे खोदने और दीवाल बनाने की तैयारी चल रही है, जिसे लोग किसी धन्ना सेठ के लिए जगह छोड़ने की खुलेआम कोशिश बता रहे हैं।



नगर के कई जनप्रतिनिधि और विपक्षी नेताओं का कहना है कि यहां पर किसी भी प्रकार का विवाद या आपत्ति नहीं है, फिर भी बाउंड्री वॉल को कम एरिया में सीमित किया जा रहा है। यहां पहले से मौजूद कमरे और परिसर के अन्य भागों को भी नजरअंदाज कर किसी अन्य व्यक्ति के लिए जगह छोड़े जाने की आशंका जताई जा रही है। वार्ड नंबर 11 के पार्षद चेतन बिनझेकर सहित अन्य पार्षदों ने मामले की लिखित शिकायत नगर पंचायत कार्यालय में की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि, उप अभियंता और ठेकेदार ने मिलकर सरकारी जमीन को हिलाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं और काम वहीं चल रहा है, जहां से एरिया कम हो रहा है। नगर में इस मामले को लेकर जनता में नाराजगी तेज हो रही है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर किसके इशारे पर सरकारी जमीन का हिस्सा छोड़ा जा रहा है और क्या बाउंड्री वॉल पूरी जमीन पर होगा या फिर किसी निजी व्यक्ति के हित में निर्णय लिया जाएगा। अब देखना होगा कि बढ़ती आपत्तियों और मीडिया हलचल के बाद संबंधित अधिकारी बाउंड्री वॉल निर्माण को पूरी शासकीय भूमि पर ही कराके नगरवासियों के शकों को दूर करते हैं या फिर इस विवाद को और गहरा कर देते हैं।

## एक नजर

### ज्वेलरी शापिंग का नया पता वसुंधरा राज



**रायपुर, 27 मार्च।** फाइन ज्वेलरी के जाने-माने नाम वसुंधरा राज लग्ज़री ज्वेलरी ने रायपुर में अपने नए स्टोर का भव्य शुभारंभ किया है। छत्तीसगढ़ में ब्रांड के विस्तार की दिशा में नए मानक स्थापित करेगा। यह स्टोर शहर के सबसे व्यस्त और प्रमुख शॉपिंग क्षेत्रों में से एक, पंडरी रोड पर स्थित है। यह जानकारी पत्रवार्ता में हेड आफिस एचआर शगुन ने दी है। यह सेल्फ मेड डिजाइन है। करीब 5,000 वर्ग फीट में फैला यह स्टोर रायपुर के बदलते और बढ़ते ग्राहक वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। स्टोर का डिजाइन नया और अलग है, लेकिन इसमें ब्रांड की पहचान भी स्पष्ट रूप से झलकती है। इसे इस तरह से बनाया गया है कि यहाँ आने वाले लोगों को एक आरामदायक और खास अनुभव मिले। इंटीरियर्स में हाथ से बनी पेंटिंग्स और बारीक डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है, जो इसे और भी खूबसूरत बनाता है। स्टोर उतराखंड बेस्ट है।ब्रांड की फाउंडर वसुंधरा राज है। इस स्टोर में ब्रांड के तमाम सिग्नेचर ज्वेलरी कलेक्शंस उपलब्ध हैं, जिनमें जड़ाऊ और पोल्की डिजाइन शामिल हैं। इनमें बिना कट वाले हीरे और पारंपरिक मीनाकारी का काम देखने को मिलता है। इसके साथ ही गोल्ड और डायमंड की मॉडर्न डिजाइन वाली ज्वेलरी भी यहाँ उपलब्ध है, जो आज के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

### शासन की सजगता से रुका नाबालिग का विवाह

**रायपुर, 27 मार्च।** रामनवमी के पावन अवसर पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की सतर्कता ने एक नाबालिग बालिका को समय से पहले विवाह के बंधन से बंधने बचा लिया। शहरी क्षेत्र में 16 वर्षीय बालिका के विवाह की सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई की। जब टीम पहुंची, तब विवाह की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और बारात के प्रस्थान की तैयारी चल रही थी। अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर विवाह रुकवाया और आयु संबंधी दस्तावेजों की जांच की। सत्यापन में बालिका की आयु 16 वर्ष 5 माह 13 दिन पाई गई, जो विधिक न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। परिवार से लिखित घोषणा भी ली गई कि 18 वर्ष से पहले विवाह नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बाल विवाह सामाजिक कुरीति ही नहीं, दंडनीय अपराध भी है। नागरिकों से अपील है कि ऐसी सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें।

### कुनकुरी में पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण पूर्णता की ओर

**रायपुर, 27 मार्च।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिला चिकित्सालय में 50 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्माण अंतिम चरण में है, वहीं कुनकुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 16 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। वर्तमान में यह निर्माण कार्य फिनिशिंग स्तर पर है और जून 2026 तक पूर्ण होने की संभावना है। इसी तरह, कुनकुरी में पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का निर्माण 50 लाख रुपये की लागत से हो रहा है और वर्तमान में प्लिंथ स्तर तक का कार्य पूर्ण हो चुका है। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। गंभीर मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही उन्नत उपचार मिल सकेगा। जिससे बड़े शहरों में रेफर करने की आवश्यकता घटेगी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदृढ़ होगी।

### प्रधानमंत्री आवास योजना से बुजुर्गों को मिल रहा सुरक्षित आश्रय

**रायपुर, 27 मार्च।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन से जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत टांगरगांव के 100 वर्षीय बुजुर्ग सोहद राम चक्रेश को इस योजना का लाभ मिला है, जिसने उनके जीवन में नई राहत और सुरक्षा का एहसास कराया है। वर्ष 2024-25 में स्वीकृत पक्के आवास ने उनके पुराने कच्चे मकान की असुरक्षा को समाप्त कर दिया है। उम्र के इस अंतिम पड़ाव पर, जब वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं, तब यह पक्का घर उनके लिए सुरक्षित आश्रय और सुकून का माध्यम बना है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, पूर्व में कच्चे मकान में रहना काफी चुनौतीपूर्ण था। बरसात, ठंड और गर्मी के मौसम में बुजुर्ग की देखभाल करना कठिन होता था और हमेशा असुरक्षा बनी रहती थी। अब पक्का घर मिलने से न केवल रहने की सुविधा बेहतर हुई है, बल्कि पूरे परिवार को सुरक्षित वातावरण भी प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रदेश के हजारों जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना गरीब और कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सोहद राम चक्रेश एवं उनके परिजनों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके जीवन को नई दिशा दी है।

### पोषण के लिए नील हरित काई के मदर कल्चर के उत्पादन पर जोर

# देश में आगामी खरीफ सीजन के लिए रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित : रामविचार नेताम



**रायपुर, 27 मार्च।** कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा है कि राज्य सरकार ने आगामी खरीफ सीजन के लिए रासायनिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस तरह की जानकारी संज्ञान में आ रही है कि फास्फेटिक उर्वरक के प्रमुख स्रोत डी.ए.पी. का अनियमित उठाव कृषक भाइयों द्वारा किया जा रहा है, जिससे अन्य कृषकों में प्रतिकूल वातावरण निर्मित होने की संभावना है।

केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा समन्वय से किये जा रहे प्रयासों से राज्य के कृषकों का हित संरक्षण सुनिश्चित किया गया है। कृषक भाइयों से अनुरोध है कि भूमि धारिता एवं पात्रता अनुसार ही उर्वरकों का भंडारण करें ताकि समस्त कृषक अग्रिम भंडारण की योजना से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बताया कि वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने के लिए सरकार ने किसानों को शत-प्रतिशत पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि उर्वरकों की कालाबाजारी रुक सके और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचे। मंत्री श्री नेताम ने यह भी कहा कि खरीफमौसम में उर्वरकों का वितरण एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के आधार पर होगा। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो अन्य कृषकों को पर्याप्त उपलब्धता के दृष्टिगत समस्त वैधानिक कार्यवाईयां सुनिश्चित करने के लिए शासन सजग है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आवश्यक होने पर वैकल्पिक पौध पोषण स्रोतों की व्यवस्था के लिए आकस्मिक कार्य योजना भी तैयार कर ली गई है, ताकि पौध पोषण में किसी प्रकार की कमी ना हो। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के लिए चिन्हित नील हरित काई के मदर कल्चर के उत्पादन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है तथा माह अप्रैल से इसका वृहद उत्पादन कृषि विज्ञान केंद्रों, शासकीय उद्यान रोपणियों एवं शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि खरीफ मौसम में ज्यादा से ज्यादा कृषकों को इसका कल्चर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कृषक इनका उपयोग कर वायुमंडलीय नाइट्रोजन स्थिर कर यूरिया के समरूप पोषक तत्व पौधों को उपलब्ध करा सकें। इसके अलावा, हरी खाद के रूप में वर्गीकृत ढेंचा तथा अन्य दलहनी फसलों के कृषक प्रक्षेत्र में अनुप्रयोग को बढ़ावा देने आवश्यक राशि की व्यवस्था मंडी निधि से की जा रही है। इस हेतु समस्त जिलों को कृषक एवं क्षेत्र चयन के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि प्रदेश में उर्वरकों के अवैध भंडारण, अधिक मूल्य पर विक्रय तथा समस्त अन्य गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उड़न दस्ता तथा निरीक्षकों की नियुक्ति संबंधी आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। नैनो उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता भी प्रदेश में होगी ताकि न्यूनतम कास्त लागत पर प्रति इकाई अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके। नैनो उर्वरक के प्रभावी उपयोग के संबंध में कृषकों को जागरूक करने एवं प्रशिक्षण हेतु सघन अभियान चलाया जाएगा।

कृषि मंत्री श्री नेताम ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, भारत के कृषि परिदृश्य में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरा है, जहाँ धान खरीदी और किसान कल्याण की योजनाओं ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विगत तीन वर्षों के धान खरीदी के आंकड़ों के अनुसार, राज्य ने न केवल धान खरीदी के अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़े हैं, बल्कि किसानों को उनकी उपज का देश में सबसे अधिक मूल्य सुनिश्चित कर एक मिसाल पेश की है। खरीफ सीजन 2025-26 में 142 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी को मिलाते हुए पिछले तीन खरीफसीजन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार ने लगभग 437 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिससे किसानों के खाते में लगभग 1 लाख 40 हजार करोड़ से अधिक का भुगतान हुआ है।

गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उपजे संकट के बीच प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए केन्द्र और राज्य सरकार अलर्ट मोड पर काम कर रही है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर निरंतर उच्चस्तरीय बैठक भी की जा रही है। केन्द्र और राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है, कि किसानों को खाद-बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता के लिए किसी प्रकार से दिक्कत की सामना न करना पड़े।

## वन्य प्राणी शिकार की कोशिश नाकाम,एंटी पॉचिंग टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 27 मार्च।** 11 केवी विद्युत लाईन में हुकिंग कर विद्युत करेंटयुक्त तार का जाल बिछाकर वन्यप्राणियों के शिकार की कोशिश को वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नाकाम किया गया। एंटी पॉचिंग टीम ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देश पर मुखबीर की सूचना के आधार पर 24 मार्च 2026 की रात्रि वन विभाग की एंटी पॉचिंग टीम के द्वारा अकलतरा परिसर (कक्ष क्रमांक 120) में छापेमारी की गई। इस दौरान ग्राम अकलतरा निवासी दयाराम एवं छबिलाल को पकड़ा गया। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपियों द्वारा 11 केवी लाइन से हुकिंग कर करंट तार बिछाकर वन्यजीव के शिकार की तैयारी की गई थी। मौके से कत्तल, छूरी एवं अन्य सामग्री भी बरामद की गई। मामले में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (संशोधित) के तहत अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि वन विभाग द्वारा लगातार एंटी स्नेयर वॉक, गश्त एवं निगरानी के चलते इस प्रकार की घटनाओं को होने से पहले ही रोका जा रहा है। उन्होंने आमजनो से वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

### योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन

## ग्राम स्तर पर सुरक्षित पेयजल, कुपोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर समन्वय पर जोर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 मार्च।** महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त समन्वय से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगन बाड़ी कार्यकर्ता सेक्टर पर्यवेक्षकों को ग्राम स्तर पर सुरक्षित पेयजल, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सेवाओं की दी गई जानकारी।

प्रशिक्षण के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ जल सुनिश्चित करना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण उन्मूलन, स्वच्छता एवं जनजागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चिकित्सा विभाग द्वारा जलजनित रोगों की रोकथाम, स्वच्छता के महत्व एवं स्वास्थ्य सुरक्षा उपायों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में यह भी रेखांकित किया गया कि तीनों विभागों के समन्वित प्रयासों से ग्राम स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है। महिला समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी से समुदाय में जागरूकता एवं सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है।

# सीएम साय से गोवा के खेल एवं जनजातीय कल्याण मंत्री रमेश तावड़कर की सौजन्य भेंट

**रायपुर 27 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गोवा के खेल एवं युवा मामले तथा जनजातीय कल्याण मंत्री श्री रमेश तावड़कर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए श्री तावड़कर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह एवं जशपुर के स्थानीय उत्पाद भेंट किए।



मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री तावड़कर से जनजातीय कल्याण और खेलों के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और राज्य में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि देश के प्रथम 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' का आयोजन छत्तीसगढ़ में होना राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह आयोजन न केवल जनजातीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

उल्लेखनीय है कि श्री रमेश तावड़कर के नेतृत्व में गोवा सरकार का प्रतिनिधिमंडल 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' में सहभागिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। यह प्रतिनिधिमंडल खेल आयोजन में भागीदारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ मुक्तांगन, आदिवासी संग्रहालय सहित राज्य की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और विरासत से जुड़े विभिन्न स्थलों का अवलोकन भी करेगा।

# मुख्यमंत्री 28 मार्च को जशपुर में श्रमिकों के बैंक खाते में 27.15 करोड़ की राशि अंतरित करेंगे

**रायपुर, 27 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में शनिवार 28 मार्च को दोपहर 01 बजे जिला मुख्यालय जशपुर के वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित होगा। मुख्यमंत्री द्वारा श्रम विभाग के अंतर्गत 12 विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 79,340 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिजनों को 27.15 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के सचिव श्री गिरीश रामटेके ने बताया कि दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के अंतर्गत 14 हितग्राहियों को 14 लाख 32 हजार रुपए, मिनीमाता महतारी जतन योजना के अंतर्गत 1960 श्रमिकों को 3 करोड़ 92 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के तहत 297 श्रमिकों को 44 लाख 55 हजार रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के अंतर्गत 20 हितग्राहियों को 20 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत 325 श्रमिकों के बच्चों को 38 लाख 88 हजार 374 रुपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 3040 श्रमिकों को 6 करोड़ 08 लाख रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 71220 श्रमिकों के बच्चों को 14 करोड़ 53 लाख 96 हजार 500 रुपए, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना के अंतर्गत 1142 श्रमिकों को 39 लाख 50 हजार 624 रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के अंतर्गत 9 हितग्राहियों को 9 लाख रुपए, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के अंतर्गत 3 श्रमिकों को 60 हजार रुपए अंतरित किए जाएंगे।

### रायपुर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स-2026 में

# ओडिशा की अंजलि मुंडा ने तैराकी में जीता पहला स्वर्ण पदक

**रायपुर, 27 मार्च।** कभी-कभी जीवन की दिशा एक छोटे से निर्णय से बदल जाती है। ओडिशा की 15 वर्षीय अंजलि मुंडा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। वर्ष 2022 में कक्षा में खेल चयन के दौरान उन्होंने तैराकी को चुना–एक ऐसा खेल जिसे वे उस समय सिर्फमनोरंजन के रूप में जानती थीं। आज, वही निर्णय उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि तक ले आया है। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव की रहने वाली अंजलि ने रायपुर में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 2:39.02 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही वे इस प्रतियोगिता की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बन गईं। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली अंजलि चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। 10 वर्ष की आयु में वे कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफसोशल साइंसेज से जुड़ीं, जहां उन्हें निःशुल्क शिक्षा और प्रशिक्षण मिला। यहीं से उनके खेल करियर की नींव मजबूत हुई। शुरुआत में वे अपनी बड़ी बहन से प्रेरित थीं, जो तीरंदाजी में सक्रिय हैं, लेकिन अंजलि ने तैराकी को अपना मार्ग चुना। उनकी मेहनत जल्द ही रंग लाई और तैराकी शुरू करने के एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने एक स्थानीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



अंजलि अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों और खेल मंत्रालय की 'अस्मिता लीग' पहल को देती हैं। वर्ष 2024 में संभलपुर में आयोजित इस लीग में उन्होंने दो रजत पदक जीते थे, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। इसके बाद गुवाहाटी में आयोजित अस्मिता स्विमिंग लीग (ईस्ट जोन) में भी उन्होंने दो रजत पदक हासिल किए। हालांकि, इस उपलब्धि के बावजूद अंजलि संतुष्ट नहीं हैं। उनका लक्ष्य अपने 2:25 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय को बेहतर करना है। लगातार यात्रा और थकान के बावजूद उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। अब अंजलि की नजर आगामी स्पर्धाओं–50 मीटर बैकस्ट्रोक, 100 मीटर बैकस्ट्रोक और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडली–पर है, जहां वे अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने के इरादे से उतरेंगी। अंजलि मुंडा की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर प्रतिभा किस तरह नई ऊंचाइयों को छू सकती है।

## नाचने के दौरान विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 27 मार्च।** प्रार्थी राकेश मारकंडे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि अपने जीजा जी के घर ग्राम चकरवाय से वापस आने के दौरान दिनांक 25.03.2026 की रात्रि लगभग 10:45 बजे ग्राम चकरवाय में चूलमाटी कार्यक्रम में बज रहे डीजे में नाच रहे आरोपी सचिन चेलक द्वारा प्रार्थी के पास आकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हत्या करने की नीयत से चाकू से वार किया गया। इस दौरान बीच बचाव करने आए यश कुमार चेलक के ऊपर भी आरोपी द्वारा जान से मारने की नीयत से चाकू से जानलेवा वार किया गया, जिससे प्रार्थी एवं यश कुमार चेलक दोनों को चोंटे आई हैं। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 121/2026 धारा 296,351(3),109 बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपित सचिन चेलक को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चुलमाटी कार्यक्रम के दौरान रौब झाडने के उद्देश्य से प्रार्थी एवं यश चेलक के ऊपर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से जानलेवा वार करना स्वीकार किया गया है। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 26.03.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।



# पापाराव के सरेंडर से नक्सलवाद और कमजोर हुआ

बस्तर में नक्सलवाद कभी विचारधारा के तौर पर बहुत मजबूत था,नक्सलियों के बड़े नेताओं के कारण।उनके नेतृत्व में नक्सलवाद गांव-गांव तक पहुंच गया था और गांव-गांव से उनको समर्थन भी मिला करता था। संगठन के छोटे नेता व सदस्य मारे जाते थे,पकड़े जाते थे तो बड़े नेता उनकी जगह नए लोग भर्ती कर लेते थे इस तरह विचारधारा व संगठन के तौर पर नक्सली बस्तर में लंबे समय तक मजबूत रहे और अपना सामानांतर शासन चलाते रहे।ज्यादातर बड़े नेताओं के मारे जाने या सरेंडर करने से नक्सली संगठन बहुत कमजोर हो गया है। पापाराव भी एक बड़ा नक्सली नेता था, उसके साथियों सहित सरेंडर से नक्सली संगठन अब बस्तर में और कमजोर हो गया है। बड़े नेताओं के मारे जाने या सरेंडर करने से जो बचे हुए नक्सली हैं, वह भी ऐसी स्थिति में नहीं हैं कि वह कुछ कर सकें। बड़े नेताओं के मारे जाने व सरेंडर करने से वह भी डरे हुए हैं और हो सकता है कि वह भी मारे जाने के खौफ से आने वाले कुछ दिनों में सरेंडर कर दें। गृहमंत्री अमित शाह ने अगस्त २०२४ में जब यह लक्ष्य तय किया था कि मार्च-२६ तक नक्सलियों का खात्मा कर दिया जाएगा तो बहुत सारे लोगो को इस बात पर यकीन नहीं था कि दो साल में ऐसा करना संभव है क्योंकि उनका अनुभव तो यही था कि सरकारे तो आती जाती है लेकिन बस्तर में नक्सली समस्या बनी रही है। अमित शाह ने योजना बनाकर काम किया और जिसे कभी असंभव माना जाता था, उसे संभव कर दिखाया और आज की स्थिति में शायद ही कोई ऐसा हो जो यह मानता हो कि नक्सलियों का सफाया संभव नहीं है।जनवरी२४ से अब तक २३२ मुठभेड़ों में ४९९ नक्सली मारे गए हैं,१९२३गिरफ्तार किए गए हैं।२७५६ ने सरेंडर किया है।१२०० से ज्यादा हथियार व आईईडी बरामद किए गए हैं।इस अवधि में बसव राजू समेत १४ शीर्ष नक्सली नेता मारे गए हैं। एक समय था कि कोई यकीन नहीं करता था कि शीर्ष नक्सली मारे जा सकते हैं, उनको सरेंडर करने के लिए मजबूर किया जा सकता था लेकिन अमित शाह के नक्सलियों के खात्मे का लक्ष्य तय करने के साथ ही यह सब दो साल में संभव हुआ है। शीर्ष नेताओं के मारे जाने व सरेंडर से ही नक्सलियों की कमर टूटी है।नक्सली संगठन हर तरह से कमजोर हुआ है। एक साल के भीतर केंद्रीय क्षेत्रीय आयोग प्रमुख भूपति,केंद्रीय सैन्य प्रमुख देवजी,ओडिशा प्रभारी मल्लाजी रेड्डी,आंध्रप्रदेश प्रभारी दामोदर,सीसीएम रूपेश,गंगन्ना,सुजाता,ककराला सुनीता के बाद पापाराव जैसे माओवादी ने सरेंडर कर साबित किया है कि अब बस्तर के जंगल नक्सलियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं रह गए हैं। इस जंगल में अब नक्सलवाद जिंदा नहीं रह सकता। अब स्थिति इतनी बदल गई है कि पहले बस्तर में पुलिस के जवान हो या गांवों के लोग उनमें खौफ रहता था कि वह कभी भी नक्सलियों के हाथों मारे जा सकते हैं लेकिन आज नक्सलियों में खौफ है कि वह कभी भी पुलिस व जवानों के हाथों मारे जा सकते हैं, इसलिए वह सरेंडर कर मुख्यधारा में शामिल होना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। अमित शाह ने बस्तर में ज्यादा से ज्यादा सुरक्षा कैंप स्थापित कर सुरक्षा बलों के जवानों में यह भरोसा पैदा किया वह नक्सलियों से लड़ सकते हैं और मार सकते हैं। एक बार यह भरोसा पैदा हुआ तो सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के ठिकानों में जाकर नक्सलियों से मुठभेड की और उनको घेर कर मारना शुरू किया। नक्सलियों को खोज-खोज कर मारना शुरू किया।पिछले तीन सालो में १५० से अधिक सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए तब जाकर अबुझमाड़,जगरगुंडा और पामेड़ जैसे इलाकों में सुरक्षा बलों ने अपनी मोजूदगी का एहसास नकसलियों को कराया और यह भी एहसास कराया कि तुम अब कुछ नहीं कर सकते और हम वह सब कर सकते हैं जो तुम पहले इन इलाकों में किया करते थे। यही वजह है कि आज बस्तर का ९५ प्रतिशत इलाका सुरक्षित माना जाता है यानी इस क्षेत्र में नक्सली अब पहले की तरह कुछ भी नहीं कर सकते। बहुत कम संख्या में नक्सली अब पांच प्रतिशत दुर्गम इलाकों में सिमट कर रह गए है। उनको कह दिया गया है कि अब कुछ दिन सरेंडर को बचे हैं,वह सरेंडर कर दें। उम्मीद है कि वह अपने बड़े नेताओं से सबक लेकर सरेंडर का ही रास्ता चुनेंगे। राज्य सरकार ने एक तरफ नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया तो दूसरी तरफ उनको सरेंडर करने पर उनका उचित पुनर्वास भी किया है। साय सरकार ने बार बार नक्सलियों से यही कहा है कि वह किसी पर गोली नहीं चलाना चाहते हैं, हम तो चाहते हैं कि सारे नक्सली सरेंडर कर मुख्यधारा में शामिल हो जाए तो हम उनका बेहतर पुनर्वास करना चाहते हैं।साय सरकार ने खाली बातें नहीं की जमीन पर पुनर्वास का अच्छा काम भी किया है। राज्य की पुनर्वास नीति के तहत बीते दो सालों में ५५२ सरेंडर करनेवाले नक्सलियों को नौकरी व रोजगार उपलब्ध कराया गया है।इनमें से छह लोगों की सरकारी सेवा में नियुक्ति दी गई है।जबकि अन्य को स्वरोजगार से जोड़ते हुए कई कामों लगाया गया है।आंकड़ों के मुताबिक एक जनवरी २०२४ से २८ फरवरी २६तक २६९७ नक्सलियों ने सरेंडर किया है।उनको रोजगार का प्रशिक्षण देकर इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास सरकार कर रही है।

कानून

# जेलों में विचाराधीन कैदी,न्याय से पहले सजा?

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर आधुनिक लोकतांत्रिक समाज में जेल का उद्देश्य केवल अपराधी को दंडित करना नहीं, बल्कि उसे सुधारना और पुनर्वास के लिए तैयार करना भी होता है। परंतु



जब जेलें स्वयं ही भय,बीमारी और उपेक्षा का केंद्र बन जाएं,तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या हम वास्तव में न्याय कर रहे हैं या एक और अन्याय को जन्म दे रहे हैं? सलाखों के पीछे भी सेफ नहीं?, यह केवल एक भावनात्मक प्रश्न नहीं,बल्कि कठोर वास्तविकता का दर्पण है।अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के अनुसार,कैदियों से उनका स्वतंत्रता का अधिकार तो छीना जा सकता है,लेकिन उनका जीवन, स्वास्थ्य और गरिमा का अधिकार नहीं।इसके बावजूद भारत सहित दुनियाँ के कई देशों में जेलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहता हूं कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित नेल्सन मंडेला नियम (यू एन स्टैंडर्ड मिनिमम् रूल्स फॉर द ट्रीटमेंट ऑफ़ प्रिजनर्स) स्पष्ट रूप से कहते हैं कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए।उन्हें पर्याप्त भोजन,स्वच्छ पानी,स्वास्थ्य सुविधाएं और मानसिक स्वास्थ्य सहायता मिलनी चाहिए। लेकिन व्यवहारिक धरातल पर इन सिद्धांतों और वास्तविकता के बीच गहरी खाई दिखाई देती है। जेलें, जो सुधार गृह मानी जाती हैं,अक्सर प्रताड़ना, हिंसा और उपेक्षा के केंद्र बन जाती हैं। यह स्थिति केवल विकासशील देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि विकसित देशों में भी कई बार ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं।

साथियों बात अगर हम भारत में जेलों की भीड़ःएक गंभीर संरचनात्मक संकट को समझने की करें तो,भारत की जेल व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या है,क्षमता से अधिक भीड़। कई राज्यों में जेलों की ऑक्यूपेंसी दर 150 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। उदाहरण के तौर पर, दिल्ली की जेलों में 200 प्रतिशत तक कैदी भरे हुए हैं, जबकि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में यह आंकड़ा 150 प्रतिशत से अधिक है। इस भीड़ का सबसे बड़ा कारण है विचाराधीन कैदियों की अत्यधिक संख्या। आंकड़ों के अनुसार, भारत के लगभग 73.5 प्रतिशत कैदी ऐसे हैं जिनका अभी दोष सिद्ध नहीं हुआ है और वे केवल ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं। यह स्थिति न्यायिक प्रणाली की धीमी गति और मामलों के लंबित रहने का सीधा परिणाम है।

साथियों बात अगर हम विचाराधीन कैदीः न्याय से पहले सजा? इसको समझने की करें तो,विचाराधीन कैदी वह होते हैं जिन्हें अभी अदालत ने दोषी नहीं ठहराया है, फिर भी वे वर्षों तक जेल में बंद रहते हैं। यह स्थिति निर्दोषता की धारणा (प्रेसम्पशन ऑफ़ इनोसेंस ) के सिद्धांत के विपरीत है। न्यायिक देरी के कारण कई कैदी अपने संभावित सजा से अधिक समय जेल में बिता देते हैं। यह न केवल उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ा करता है।जेलों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत दयनीय है। डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लगभग 30-40 प्रतिशत पद खाली हैं।दिल्ली जैसी जगहों पर प्रति 200 कैदियों पर केवल एक डॉक्टर उपलब्ध है।इसका परिणाम यह होता है कि गंभीर बीमारियों का समय पर इलाज नहीं हो पाता। अस्वच्छता और भीड़भाड़ के कारण टीबी, एचआईवी और हेपेटाइटिस जैसी संक्रामक बीमारियां तेजी से फैलती हैं। वर्ष 2024 के पहले नौ महीनों में भारत में न्यायिक हिरासत में 1,558 मौतें दर्ज की गईं,यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवीय संकट का संकेत है।इन मौतों के पीछे मुख्य कारण हैं,बीमारियां, आत्महत्याएं और चिकित्सा सुविधाओं की बहुत हद तक कमी। साथियों बात अगर हम छत्तीसगढ़ का मामलाः एक राज्य, कई सवाल इसको समझने की करें तो छत्तीसगढ़ की जेलों में पिछले चार वर्षों में 285 कैदियों की मौत का मामला पूरे देश को झकझोर देने वाला है। इनमें से 90 मौतें केवल 2022 में हुईं और 66 मौतें जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच दर्ज की गईं। राज्य सरकार ने इन मौतों के पीछे आत्महत्या और गंभीर बीमारियों को कारण बताया है।इस



मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने जेलों में भीड़भाड़, डॉक्टरों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही को संभावित कारण बताया है। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं,तो यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा।

साथियों बात अगर हम न्यायपालिका की सक्रियताः सुधार की दिशा में कदम को समझने की करें तो हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों की स्थिति पर ताजा आंकड़े प्रस्तुत करने का निर्देश 26 मई 2026 तक सबमिट करने को दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने जेलों कीक्षमता भीड़भाड़ और महिला कैदियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत विवरण मांगा है।यह कदम दर्शाता है कि न्यायपालिका इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है। विशेष रूप से महिला कैदियों और उनके साथ रहने वाले बच्चों की स्थिति पर ध्यान देना एक सकारात्मक पहल है, क्योंकि यह वर्ग अक्सर नीति निर्माण में उपेक्षित रह जाता है। साथियों बात अगर हम मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्याएंः अदृश्य संकट इसको समझने की करें तो जेलों में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ा लेकिन अनदेखा मुद्दा है। भीड़भाड़, पारिवारिक दूरी, सामाजिक कलंक और अनिश्चित भविष्य कैदियों को मानसिक रूप से कमजोर बना देता है। यही कारण है कि जेलों में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।ग्लोबल प्रिजन ट्रेंड्स 2025 रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में जेलों के भीतर आत्महत्या और हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई है। यह केवल एक देश की समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर जेल सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है।

साथियों बात अगर हम संचार और मानवीय संपर्कः एक नई पहल इसको समझने की करें तो, कैदियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए संचार के साधनों को बढ़ाना आवश्यक है। इसी दिशा में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा एक प्रस्ताव लाया गया है, जिसमें कैदियों को अपने परिवारजनों से मुफ्त वीडियो और ऑडियो कॉल के माध्यम से संवाद करने की अनुमति देने की बात कही गई है।यह पहल कैदियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने और उनके सामाजिक संबंधों को बनाए रखने में मदद कर सकती है। आधुनिक तकनीक का उपयोग जेल सुधार के लिए एक प्रभावी माध्यम बन सकता है।

साथियों बात अगर हम सुधार की दिशा में आवश्यक कदम को समझने की करें तो जेल सुधार के लिए बहु आयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, न्यायिक प्रक्रिया को तेज करना होगा ताकि विचाराधीन कैदियों की संख्या कम हो सके। इसके लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट, डिजिटल सुनवाई और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को बढ़ावा देना होगा।दूसरा, जेलों की क्षमता बढ़ाने और नए सुधार गृहों का निर्माण करना आवश्यक है। तीसरा, स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करना होगा,डॉक्टरों की भर्ती, नियमित स्वास्थ्य जांच और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना होगा।चौथा कैदियों के लिए कौशल विकास और शिक्षा कार्यक्रम शुरू करने होंगे ताकि वे समाज में पुनः स्थापित हो सकें।पांचवां, जेल प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी, जिसमें स्वतंत्र निगरानी तंत्र की स्थापना महत्वपूर्ण होगी। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्यः एक साझा चुनौती को समझने की करें तो जेलों की बदहाल स्थिति केवल भारत तक सीमित नहीं है। अमेरिका,ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और फिलीपींस जैसे देशों में भी जेलों में भीड़भाड़, हिंसा और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसी समस्याएं मौजूद हैं।हालांकि, कुछ देशों ने सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। उदाहरण के लिए, नॉर्वे की जेल व्यवस्था को दुनिया में सबसे मानवीय माना जाता है, जहां कैदियों को पुनर्वास और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह मॉडल अन्य देशों के लिए प्रेरणा बन सकता है।अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि न्याय का असली अर्थ,जेलें किसी भी सभ्य समाज का दर्पण होती हैं। यदि जेलों में मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, तो यह पूरे समाज की विफलता का संकेत है। सजा का उद्देश्य प्रतिशोध नहीं, बल्कि सुधार और पुनर्वास होना चाहिए।"सलाखों के पीछे भी सेफ नहीं? यह प्रश्न हमें आत्ममंथन करने के लिए मजबूर करता है। क्या हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जहां न्याय केवल कागजों तक सीमित है, या हम वास्तव में एक मानवीय और न्यायपूर्ण व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं?समय आ गया है कि जेल सुधार को प्राथमिकता दी जाए,क्योंकि न्याय केवल अदालतों में नहीं, बल्कि जेलों की दीवारों केभीतर भी सुनिश्चित होना चाहिए।

# आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप परिवार के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार सहित माता दुर्गा की पूजा करें, जीवन में अच्छे मौके आपको मिलते रहेंगे।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरा रहने वाला है। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में कुछ अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। माता महागौरी के दर्शन कर आशीर्वाद लें, आपकी नेतृत्व क्षमता मजबूत होगी।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क रहेंगे। आज के दिन मां दुर्गा को खीर-पूड़ी का भोग लगाएं, आपका दिन अच्छा रहेगा।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज महाअष्टमी के दिन आपके सभी कार्य सफल होंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलेगी। बच्चे आज अपने पढ़ाई के प्रति सीरियस रहेंगे। आज आपके घर नन्हें मेहमान के आगमन का योग बन रहा है। माता महागौरी को फूलों की माला अर्पित करें, जीवन में आपकी गति में निरंतरता बनी रहेगी।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आपकी टेंशन ख़त्म होंगी। आज आप किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते। आपको माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। जरूरतमंद को भोजन कराएं, आपके ऊपर देवी मां की कृपा बनी रहेगी।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। आज किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। जो लोग किसी नये काम में इंवेस्ट करने की सोच रहे हैं, वे किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। देवी मां के मंदिर में अन्न का दान करें, आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे, जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। पारिवारिक समस्याओं को सॉल्व करने में बड़े-बुजुर्गों का सहयोग प्राप्त होगा। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा। आज आपके कार्यों की प्रशंसा दूर-दूर तक लोगों में इत्र की तरह महकेगी। किसी यात्रा पर जाने का मन बना रहे हैं तो कुछ दिनों के लिए टाल दें। आज दुर्गा माता का ध्यान करें, आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। माता महागौरी की कृपा से आपका जीवन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं, वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। पिता से आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज ऐसी पुरानी चीज आपके हाथ लग सकती है, जिसे पाकर आपको खुशी महसूस होगी। आज दोस्तों के साथ फोन पर बात करके समय बितायेंगे। आज के दिन महागौरी के आगे घी का दीपक जलाएं, आपका दिन बेहतरीन रहेगा।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को आज ज्यादा पढ़ाई करने की जरूरत है। व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा पाने के लिये अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं, आपको बढ़िया समाधान मिलेगा। आज के दिन माता महागौरी की धूप-दीप से पूजा करें, आपके साथ सब कुछ ठीक रहेगा।

मकर राशिः मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी खुशियाँ लेकर आया है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरूरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी। सिद्धकुंजिका स्तोत्र का पाठ करें, आपकी लाइफ अच्छी बनी रहेगी।

कुंभ राशिः कुंभ राशि वालों आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी में जायेंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। आज नई स्किल सीखने का विचार कर सकते हैं जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। माता आज अपने बच्चों को कुछ मीठा बनाकर खिला सकती हैं। आज आपको अचानक धन लाभ होगा। कन्या को कुछ गिफ्ट करके उनका आशीर्वाद लें, आप जीवन में कभी नहीं रुकेंगे।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। रुपए पैसों के मामले में लापरवाही करने से आपको बचना चाहिए। टूर एंड ट्रेवल्स का काम कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आज आपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। आप आर्थिक मामलों में किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। आज माता महागौरी को मिठाई का भोग लगाएं, आपका दिन बेहतर रहेगा।

# संत सीताराम: शिक्षा दान व जनसेवा के पुजारी

जनार्दन पाल,मोपका बिलासपुर

भूतपूर्व अध्यापक ग्राम पकडिय़ा जिला रोहतास (बिहार) का जन्म 12 फरवरी सन् 1906 में ग्राम पकडिय़ा जिला रोहतास (बिहार) में हुआ था। वे बचपन से ही सद्चरित्रता और अतिथि सेवा के पुजारी थे। मिडिल परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात वे चांपा प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के रूप में सेवा करने लगे थे।



सन् 1921-22 तक चांप में आदर्श शिक्षा देते हुए अपनी मातृभूमि ग्राम पकडिय़ा में ही वृत्ति भोगी शिक्षक के रूप में अपने अथक प्रयासों से एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना करवाये जो उनके शिक्षा प्रेमी होने का परिचायक है। इसके अलावा छात्रों के आध्यात्मिक विकास हेतु उन्होंने विद्यालय के अलावा मंदिर तालाब एवं वाटिका को मूर्त रुप प्रदान किया। स्व.अध्यापक श्री सीताराम केवल शिक्षक ही नहीं अपितु एक उच्च कोटि के संत भी थे।

शिक्षा के अलावा अनेक खेलकूद में वे स्वयं गहन रूचि रखते थे और विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के अनेक प्रकार के खेलकूद खिलाये करते थे। वे एक अच्छे घुड़सवार भी थे। घोड़े की देखभाल ने स्वयं करते थे। इसके अलावा गोयालन में भी वे गहरी रूचि रखते थे तथा गोपालन स्वयं किया करते थे। आप अपने जीवन के एक क्षण को ग्राम पकडिय़ा के पाठशाला एवं श्रीमहावीर जी के मंदिर को समर्पित किये थे. अधिकारी वर्ग भी स्व. संत श्रीसीताराम के कार्यों से खुश रहा करते थे।

सन् 1962 में ही आप विधानतः अवकाश ग्रहण करने वाले थे परंतु अधिकारियों की सिफारिश एवं सद्भावना पर पांच वर्षों की और सेवा की जो आपके कर्तव्यशीलता का प्रमाण है।

अब तक की शिक्षा दीक्षा से वे संतुष्ट न रह सके थे और आखिर अयोध्या जाकर सन् 1962 में आपने वैष्ठव सम्प्रदाय ग्रहण किया तथा विद्यालयमें ही पांच कट्ठा भूमिदान में दी। जो उनके आदर्श एवं उदार होने का परिचायक है। इस तरह का दुबारा दान पकडिय़ा सीताराम माध्यमिक विद्यालय के लिए आपने एक एकड़ भूमिदान में दी।

दिनांक 27 मार्च 1972 को दोपहर करीब दो बजे ग्राम पकडिय़ा जिला रोहतास के मंदिर पर अपने नश्वर शरीर का त्याग कर वे चिर शांति को प्राप्त हुए थे। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं रहे पर उनका पूरा जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा, उदारता और सेवा भावना की प्रेरणा देता है।

# मर्यादा,त्याग और कर्तव्यनिष्ठा के सर्वकालिन प्रतिमान प्रभु श्री राम


संजीव ठाकुर

रामनवमी का पावन पर्व केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि मर्यादा, धर्म और आदर्श जीवन मूल्यों की स्मृति का दिवस है। इस दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ, जिन्हें भारतीय संस्कृति में "मर्यादा पुरुषोत्तम" के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। श्रीराम का जीवन केवल कथा नहीं, बल्कि आचरण का ऐसा प्रकाश स्तंभ है जो युगों-युगों तक मानवता को मार्ग दिखाता रहेगा।

भगवान श्रीराम का चरित्र त्याग, कर्तव्य और सत्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। अयोध्या के राजकुमार होते हुए भी उन्होंने पिता के वचन की रक्षा के लिए बिना किसी संकोच के चौदह वर्षों का वनवास स्वीकार कर लिया। यह त्याग केवल एक पुत्र का नहीं, बल्कि आदर्श मानव का परिचायक है, जो अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर धर्म और कर्तव्य को सर्वोपरि मानता है।

श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। वनवास के कठिन जीवन में भी उन्होंने धैर्य, संयम और सहनशीलता का परिचय दिया। राक्षसों का विनाश कर उन्होंने न केवल ऋषियों की रक्षा की, बल्कि यह संदेश भी दिया कि अधर्म चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है।

भगवान श्रीराम एक आदर्श पुत्र ही नहीं, बल्कि आदर्श भाई, पति और राजा भी थे। अपने भाइयों के प्रति उनका स्नेह, विशेषकर लक्ष्मण और भरत के साथ उनका संबंध, प्रेम और त्याग की सर्वोत्तम मिसाल है। माता सीता के प्रति उनकी निष्ठा और सम्मान भारतीय पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है।



जब श्रीराम अयोध्या के राजा बने, तब उन्होंने "रामराज्य" की स्थापना की, जो न्याय, समानता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। उनके शासन में प्रजा सुखी और संतुष्ट थी, जहाँ हर व्यक्ति को न्याय मिलता था। आज भी "रामराज्य" को आदर्श शासन व्यवस्था के रूप में देखा जाता है। रामनवमी का यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि श्रीराम के आदर्श केवल पूजा के लिए नहीं, बल्कि जीवन में अपनाने के लिए हैं। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, तब श्रीराम के सत्य, त्याग, मर्यादा और कर्तव्य के सिद्धांत पहले से अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

अंततः, भगवान श्रीराम का जीवन हमें यह संदेश देता है कि सच्चा सुख बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने और सत्य के मार्ग पर चलने में है। रामनवमी के इस पावन अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम भी श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज को एक बेहतर दिशा देने का प्रयास करेंगे।

राम केवल एक नाम नहीं,
एक आदर्श है जो हर युग में, हर मन में जीवित रहता है।

# केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में कमी की, वन मंत्री कश्यप ने पीएम का जताया आभार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर,27 मार्च। श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई बड़ी कटौती को लेकर छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय देश के करोड़ों आम नागरिकों को सीधी राहत देने वाला है, और इससे महंगाई के दबाव से जूझ रहे परिवारों को काफी सहारा मिलेगा। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पेट्रोल पर 10 की भारी कटौती कर एक्साइज ड्यूटी को घटाकर 3 करना और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त करना एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। इससे न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि परिवहन लागत कम होने से आवश्यक वस्तुओं के दामों में भी कमी आने की संभावना है।

वन मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे आर्थिक संकट और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद केंद्र सरकार ने जिस संवेदनशीलता के साथ यह फैसला लिया है, वह सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है। इस कदम से किसानों, व्यापारियों, परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों और आम नागरिकों को व्यापक लाभ मिलेगा। वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और ऐसे फैसले सरकार की आम जनता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी केंद्र सरकार इसी प्रकार जनहित में फैसले लेकर देशवासियों को राहत प्रदान करती रहेगी। वनमंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में भी एक मजबूत और सराहनीय कदम है। यह फैसला सरकार की संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और जनकल्याण के

### पिता की डांट से नाराज पुत्री ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

कांकेर। जिले के बडग़ांव थाना क्षेत्र के ग्राम जवाहर खेड़ेगाव में रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती खेमिन नरेटी ने अपने पिता की डांट से नाराज होकर घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब उसकी मां घर आई तो बेटी को फंदे पर लटका देख आस-पास के लोगों को सूचना दी गई। मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बडग़ांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह ग्राम जवाहर खेड़ेगाव निवासी कमलेश नरेटी की 19 वर्षीय बेटी खेमिन नरेटी को पिता ने किसी बात को लेकर डांट दिया, जिसके बाद पिता घर से बाहर काम से चले गए। उसकी मां गांव में महुआ बीनने चली गई, जबकि छोटा भाई मोहल्ले में खेलने के लिए चला गया। पिता की डांट बेटी को इतनी बुरी लगी कि उसने अपनी ही चुन्नी को फंदा बनाते हुए दोपहर को घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर के बाद जब उसकी मां महुआ बीनकर घर वापस आई तो बेटी को खोजा तो बेटी को फंदे से लटका देख आस-पास के लोगों को बुलाया। तत्काल युवती को अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना से परिवार बुरी तरह से टूट गया। उनका कहना था कि पिता की डांट को इतना बुरा मान लिया कि अपना जीवन ही समाप्त कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## एक नजर

### केन्द्रीय विद्यालय बीजापुर में प्रवेश के लिए 2 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर, 27 मार्च (तछसं.)।** केन्द्रीय विद्यालय बीजापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा पहली से पांचवीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कक्षा प्रथम में 80 सीटों के लिए ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है, जबकि कक्षा दूसरी से पांचवीं (प्रत्येक में 40 सीट) के लिए अभिभावकों को विद्यालय में जाकर ऑफलाइन पंजीयन करना होगा। पंजीयन की प्रक्रिया 2 अप्रैल दोपहर 1 बजे तक चलेगी। प्रबंधन ने अभिभावकों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके।

### किराए में रहने वाले भूमिहीन परिवारों को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

**जगदलपुर, 27 मार्च (तछसं.)।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक एएचपी अंतर्गत मोर मकान मोर आस (किरायानिती) के तहत निगम जगदलपुर क्षेत्र में किराये के मकान में निवासरत परिवार आवास प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे परिवार जिनकी स्वयं की कोई भूमि, मकान नहीं है, पारिवारिक आय तीन लाख से कम है एवं निगम क्षेत्र में 31 अगस्त 2015 के पूर्व से निवासरत हैं, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निगम कार्यालय के प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा से संपर्क किया जा सकता है। आवास आवंटन हेतु पूर्व में प्राप्त आवेदनों की दावा आपत्ति की सूची निगम कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। दावा आपत्ति के लिए 30 मार्च कार्यालयीन अवधि तक आवेदन कर सकते हैं।

### भानुप्रतापपुर में 2 अप्रैल को मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**कांकेर, 27 मार्च (तछसं.)।** जिले के भानुप्रतापपुर नगर के श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर सेवा समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5 बजे अभिषेक से होगा। इसके बाद सुबह 6 बजे सिंदूर चोला अर्पण, 7 बजे महाआरती व 8 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। वहीं सुबह 10 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। दोपहर 1 बजे हवन-पूजन किया जाएगा और दोपहर 2 बजे से 56 भोग का भंडारा प्रारंभ होगा।

### ग्राम पंचायत बड़ेबेड़मा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

**दंतेवाड़ा, 27 मार्च ।** आज जनपद पंचायत कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़ेबेड़मा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में कुल 192 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 43 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी संचालित योजनाओं के संबंध में ग्रामीणजनों को जानकारी दी व लाभान्वित होने के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया।

### संयुक्त टीम ने जांच कर 300 लीटर अवैध डीजल जब्त किया

**धमतरी, 27 मार्च ।** जिले में अवैध रूप से पेट्रोलियम उत्पादों के भंडारण पर नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बीते मंगलवार की शाम थाना प्रभारी कुरुद को प्राप्त शिकायत के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कुरुद-धमतरी मार्ग स्थित सर्वेश्वर ऑटो फ्यूल्स, कुरुद में औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पेट्रोल पम्प के पीछे बने स्टोर रूम एवं परिसर में संदिग्ध रूप से डीजल का भंडारण पाया गया।

## विश्रामपुरी देव मेले में बड़ी संख्या में देवी-देवताओं का आगमन हुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोण्डागांव,27 मार्च।** जिले के जनपद पंचायत विश्रामपुरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देव मेला हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस पारंपरिक मेले में आस-पास के दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में देवी-देवताओं का आगमन हुआ, जिसे देखने और सहभागी बनने के लिए ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्रामवासियों ने देवी-देवताओं का पूरे विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया।

मेले का मुख्य आकर्षण देव परिक्रमा रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा देवी-देवताओं पर पुष्पवर्षा की गई और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में सैकड़ों ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने मेले को और भी भव्य स्वरूप प्रदान किया, पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार पूजा-अर्चना संपन्न की गई और आयोजन में आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं तथा सामुदायिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर ग्राम पटेल, गायता, पुजारी सहित केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष मन्नाराम मरकाम, अंजोरीराम नेताम, विवेक चांदेकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बढ़ने लगा गर्मी तो लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवायजरी

**धमतरी 27 मार्च ।** धमतरी जिले में बढ़ते तापमान और भीषण उमस को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए अलर्ट जारी कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने जानकारी दी है कि वर्तमान में धूप का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण थोड़ी सी भी असावधानी लू की चपेट में ला सकती है। लू न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। गर्मी के मौसम में लंबे समय तक तेज धूप में रहने से शरीर के पानी और जरूरी खनिज लवण पसीने के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं, जिससे शरीर में इन तत्वों की भारी कमी हो जाती है और यही स्थिति लू लगने का मुख्य कारण बनती है।

लू की पहचान इसके विशिष्ट लक्षणों से की जा सकती है, जिसमें शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ने के बावजूद पसीना न आना, बहुत अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना शामिल है। इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति को सिर में भारीपन, तेज दर्द, चक्कर, उल्टी, कमजोरी और बदन दर्द का अनुभव हो सकता है।

## एकता महिला संकुल संगठन चितालंका को मिला नवीन महतारी सदन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 27 मार्च ।** आज जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रदीप पटेल एवं ग्राम पंचायत चितालंका की सरपंच श्रीमती मुन्नी भास्कर की उपस्थिति में आरईएस विभाग द्वारा निर्मित महतारी सदन चितालंका का विधिवत हस्तांतरण किया गया। यह भवन आरईएस विभाग के एसडीओ श्री एम. घोड़मोड़े एवं इंजीनियर श्री विजय देवांगन द्वारा एकता महिला संकुल संगठन चितालंका को सौंपा गया। इस दौरान संकुल संगठन की अध्यक्ष श्रीमती राधा, सचिव श्रीमती सरिता ठाकुर सहित सभी महिला सदस्य (दीदियाँ) उपस्थित रहीं। महतारी सदन का उपयोग संकुल संगठन के कार्यालय के रूप में किया जाएगा, साथ ही यहां विभिन्न आजीविका गतिविधियों के संचालन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में बीपीएम एनआरएलएम श्री धर्मेंद्र ठाकुर, एसी श्री वैभव शेष, ग्राम पंचायत सचिव श्री राजू बघेल, पीआरपी श्रीमती वंदना ठाकुर, लेखापाल श्रीमती योगिता कौशल, संकुल संगठन के पदाधिकारी एवं अन्य दीदियाँ भी उपस्थित रही ।

## केंद्रीय जेल जगदलपुर से एक कैदी दीवार फांदकर फरार, तलाश जारी




**जगदलपुर,27 मार्च।** बस्तर संभाग मुख्यालय के केंद्रीय जेल जगदलपुर में बुधवार की देर शाम एक कैदी दीवार फांदकर फरार हो गया। इस घटना से जेल विभाग में हड़कंप मच गया। कैदी को खोजने के लिए जेल अधिकारी और कर्मचारी तुरंत सक्रिय हो गए। मामले की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई है, जिसके बाद पुलिस भी कैदी की तलाश में जुट गई। जेल समेत आस-पास में लगे सीसीटव्ही कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल कैदी का नाम और वह किस जुर्म में जेल में था इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। बस्तर जिले के एसपी शलभ सिन्हा ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

कोतवाली थाना प्रभारी भोला सिंह राजपूत ने बताया कि केंद्रीय जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी ने फोन पर कैदी के फरार होने की जानकारी दी। इसके बाद आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस जवानों को फरार कैदी की तलाश में भंगाराम चौक से लेकर माता मंदिर तक के इलाकों में खोजबीन में लगाया गया है। लेकिन देर रात तक टार्च की रोशनी में कैदी की तलाश जारी रही। लेकिन फरार कैदी का कुछ भी पता नहीं चल पाया है।

## छापर भानपुरी शिविर में 51 कमजोर बच्चों की जांच की गई




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,27 मार्च।** आकांक्षी विकासखंड तोकापाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत छापर भानपुरी में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और पोषण संबंधी परामर्श प्रदान करना था। इस विशेष शिविर में ग्राम छापर भानपुरी, सिरिसगुड़ा, कोंडालूर और घाट धनोरा के कुल 51 कमजोर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 26 मार्च।** संभाग मुख्यालय स्थित राजीव भवन, जगदलपुर में

गायकवाड़ ने बच्चों की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिए और जरूरत के अनुसार दवाइयों का वितरण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान हमर स्वस्थ लइका कार्यक्रम के जिला पोषण समन्वयक और सेक्टर पर्यवेक्षक ने उपस्थित अभिभावकों को पोषण के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने पोषण कैलेंडर के माध्यम से बच्चों के विकास की निगरानी करने के तरीके बताए और यह समझाया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संतुलित आहार क्यों आवश्यक है। शिविर में बच्चों और उनके साथ आए पालकों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, इस पहल से क्षेत्र के कुपोषित व कमजोर बच्चों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम उठाया गया है।

## किशोरियों को कैंसर से बचाने टीका लगाया जा रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 26 मार्च।** बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलेपाल में स्वास्थ्य जगत के एक महत्वपूर्ण अभियान का आगाज हुआ । क्षेत्र की किशोरियों को भविष्य में होने वाले गर्भाशय के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एच.पी.वी.) वैक्सीन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस गौरवशाली अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती मालती मौर्य उपस्थित रहीं । इस दौरान खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋषभ साव ने वैक्सीन की तकनीकी जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि गर्भाशय के कैंसर से बचाव के लिए एच.पी.वी. टीका लगवाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि केंद्र शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप यह विशेष अभियान 24 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसके तहत वर्तमान में 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकीं और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को यह वैक्सीन पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाएगी।समारोह को संबोधित करते हुए सम्मानीय जन प्रतिनिधि ने सभी लक्षित बालिकाओं और उनके अभिभावकों का आह्वान किया कि वे इस टीके के महत्व को समझें और इसे लगवाने के लिए आगे आएं। स्वास्थ्य विभाग के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि आज का एक छोटा सा टीकाकरण हमारी बेटियों के सुरक्षित और स्वस्थ कल की नींव बनेगा । इस मौके पर सेक्टर प्रभारी श्रीमती आभा शाही, पर्यवेक्षक मोहन कश्यप, मितानिनें, स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व लाभार्थी बालिकाएं मौजूद रहीं। अभिभावकों ने भी शासन की इस पहल का स्वागत किया और अपनी बेटियों का टीकाकरण करवाकर समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया। यह तीन महीने का सघन अभियान क्षेत्र की हर पात्र बालिका तक पहुंचने के लक्ष्य के साथ निरंतर जारी रहेगा।

## बस्तर आईटीआई में एससीव्हीटी पूरक परीक्षाएं 1 अप्रैल से




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,27 मार्च।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बस्तर के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी अनुसार राज्य व्यावसायिक (एससीव्हीटी) पूरक परीक्षा अप्रैल-2026 के आयोजन की तिथि निर्धारित कर दी गई है, जिसमें पूर्व प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकते हैं। यह परीक्षाएं आगामी 1 अप्रैल से शुरू होकर 10 अप्रैल 2026 तक संपन्न होंगी, जिसमें बस्तर आईटीआई के विभिन्न व्यवसायों के पात्र पूर्व प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित होकर अपनी योग्यता प्रमाणित कर सकेंगे। इस परीक्षा के दायरे में विभिन्न शैक्षणिक सत्रों के छात्र शामिल होंगे।

विशेष रूप से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एससीव्हीटी पाठ्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025-2026 में प्रवेशित छह-माही व्यवसाय के नियमित पात्र प्रशिक्षणार्थी इस परीक्षा का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही, सत्र 2023-2024 एवं सत्र 2024-2025 में प्रवेशित एक-वर्षीय व्यवसाय के छात्र, सत्र 2023-2025 के द्वितीय वर्ष तथा सत्र 2024-2026 में प्रवेशित द्विवर्षीय व्यवसाय के प्रथम वर्ष के छात्रों को भी अपनी पूरक परीक्षा उत्तीर्ण करने का अवसर दिया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि हायर सेकेंडरी व आईटीआई संयुक्त अध्ययन योजना के तहत सत्र 2023-2025 में 12वीं उत्तीर्ण कर चुके इंजीनियरिंग व नॉन-इंजीनियरिंग व्यवसायों के पूरक पात्र प्रशिक्षणार्थी भी इस समय-सारणी के अनुसार परीक्षा में बैठ सकेंगे। प्राचार्य डॉ. ए.के. मांडले द्वारा सभी संबंधित छात्रों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों का विशेष ध्यान रखें और परीक्षा से जुड़ी औपचारिकताओं को समय रहते पूर्ण कर लें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी या प्रशासनिक असुविधा से बचा जा सके।

## पीड़ितों को सहायता और नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाएं:कलेक्टर

**दंतेवाड़ा, 27 मार्च ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में जिला स्तरीय राहत एवं पुनर्वास समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में 16 फरवरी 2026 को दिए गए निर्देशों के पालन की समीक्षा करते हुए नक्सल प्रभावित परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में जानकारी दी गई कि आत्मसमर्पित नक्सलियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु कार्यालयीन आदेश जारी कर 5 लाख 31 हजार 234 रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। वहीं नक्सल पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान करने के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए स्वर्गीय आयतु कुंजाम के पुत्र संजीव कुंजाम को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है, जिसके लिए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है। इसके साथ ही पुनर्वास नीति के अंतर्गत भू-खण्ड सुविधा के मामले में भी प्रगति हुई है। इसके अलावा नक्सल हिंसा में मृतक जोगा पोड़ियाम की पत्नी श्रीमती बागी पोड़ियामी को दंतेवाड़ा में आवास हेतु 8 लाख रुपये की राशि, नक्सली हिंसा में मृत स्व. मनार अकाली की पत्नी मोतीबाई तथा स्व. हड़मा हेमला के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर राहत प्रदान की गई है।

इसके अलावा आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास को मजबूती देते हुए लाईवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षणरत 135 युवाओं को प्रशिक्षण अवधि के स्टायपेण्ड के रूप में लगभग 24 लाख रुपये से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई है। वहीं नक्सल हिंसा में गंभीर रूप से घायल बीजापुर निवासी जुरूराम कतलाम के उपचार के लिए मां दंतेश्वरी संजीवनी सहायता कोष से 1.50 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता भी स्वीकृत की गई है। बैठक में यह भी बताया गया कि पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न आदेशों के माध्यम से कुल मिलाकर करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें 33 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 76 लाख रुपये से अधिक की राशि तथा शस्त्र सहित आत्मसमर्पण करने वालों को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी शामिल है।

बैठक में इसके साथ ही नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। इस दौरान न्याय प्रणाली को अधिक सुदृढ़ और समयबद्ध बनाने पर विशेष जोर दिया गया। न्याय श्रुति योजना के तहत सभी संबंधित कार्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध कराने, मामलों में निर्धारित 60 और 90 दिनों की समय-सीमा के भीतर न्यायालय में अभियोग प्रस्तुत करने तथा गंभीर अपराधों में फोरेंसिक जांच की अनिवार्यता सुनिश्चित करने तथा इस्तगासा धारा-126, 135 जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी श्री जीतेन्द्र खुंटे सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# रामनवमी शोभा यात्रा का आज साक्षी बनेगा रायगढ़, झंडा-तोरण व रंगीन लाइटें बने आकर्षण का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,27 मार्च।** प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर शहर में विगत तीन-चार दिनों से जोर से तैयारी चल रही थी जो अब पूरी हो गई है। इसके लिए सर्व हिंदू समाज के लोगों द्वारा भगवा रंग के झंडा व तोरण के साथ रंग-बिरंगी झालरों से पूरा शहर को सजा दिया है, जो शाम होते ही एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। वहीं शुक्रवार को रामनवमी शोभायात्रा में पूरा शहर के साथ अंचल के लोग शामिल होकर भव्य बनाने की तैयारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव मनाया जाना है। इसकी खुशी में कला और संस्कार धानी नगरी को राममय बनाने की तैयारी लगभग पूरी हो गई है, वहीं कुछ जगहों में झंडा लगाने का काम बचा है जो देर रात तक कर लिया जाएगा। इसके लिए सर्व समाज के लोग जुटे हुए हैं, साथ ही अलग-अलग समाज द्वारा झांकी भी तैयार की जा रही है, जो 27 मार्च की शाम को शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी, इसके चौक-चौराहों सहित अन्य जगहों में लोगों द्वारा स्टाल लगाने की भी तैयारी की है, ताकि शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों को पानी व शरबत पिलाया जा सके। बताया जा रहा है कि इस बार रामनवमी पर करीब 60 से अधिक समाज और संस्था से जुड़े लोग झांकी निकालते हुए एकता का मिसाल पेश करेंगे। इसके चलते एक दिन पहले से ही शहर की सड़कों पर भीड़-भाड़ का माहौल देखने को मिल रहा है, तो वहीं युवाओं की टोली एक दिन पहले से ही जुलुस निकालने के लिए रिहलसल भी शुरू कर दिए हैं। ऐसे में लोगों के उत्साह को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि इस बार की रामनवमी यादगार बन जाएगा।

वहीं समाज के लोगों ने अपने-अपने नाम से स्वागत द्वारा बनाया है, जिसमें झंडा के साथ रंग-बिरंगी झालरों चमक रही है। इसके अलावा इस बार प्रदेश सहित दिगर प्रांत से डीजे मंगाया गया है जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। वहीं समिति के लोगों की मानें तो अन्य सालों की अपेक्षा में इस बार सजावट के अलावा अलग-अलग तरह के बाजे व डीज श्रीराम शोभायात्रा में धमल मचाएंगे।

### चप्पे-चप्पे पर रहेगा पुलिस का पहरा

श्री रामनवमी शोभा यात्रा शहर के नटवर स्कूल मैदान से निकलकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए देर रात रामलीला मैदान में पहुंचकर समापन होगा। इसके लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा, साथ ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी शोभा यात्रा के दौरान मौजूद रहेंगे,ताकि कोई अनहोनी की घटना न हो सके। इसके साथ ही यातायात विभाग द्वारा शोभायात्रा के लिए रुट चार्ट भी तैयार कर दिया है, ताकि सभी रैली एक ही रुट से निकल सके।

### ये रहेंगे आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा के लिए बाहर से भी टीम पहुंच रही है, जो लोगों का ध्यान आकर्षण करेगा। जिसमें प्रमुख रूप से पंजाब पाइप बैंड, काला हांडी कटप्पा, सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, कोलकाता के कार्टून, आदिवासी नृत्य समेत दर्जनभर कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### एंबुलेंस की रहेगी व्यवस्था

शोभा यात्रा में लोगों की भीड़ को देखते हुए इस बार जिला प्रशासन की पहल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है जो झांकियों के साथ-साथ एंबुलेंस भी चलेगी, साथ ही उसमें डाक्टर्स के साथ अन्य चिकित्सा दल मौजूद रहेंगे, ताकि आपातकालीन समय में मोर्चा संभाल सके। इसके साथ ही आपात स्थिति में एंबुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने के लिए भी रुट तय किया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीज को समय पर पहुंचाया जा सके।

शहर के अग्रसेन भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में रामनवमी आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 2014 से शुरू हुआ यह सफर अब रायगढ़ की आन, बान और शान बन चुका है। 54 समाज के लोगों की सहभागिता से श्रीगणेश होने वाले महा धार्मिक कार्यक्रम में इस वर्ष 60 से अधिक बिरादरी और संस्था के प्रतिनिधि रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होकर इतिहास रचेंगे। रायगढ़ के जिस भी प्रमुख चौक-चौराहे से शोभायात्रा निकलेगी, वहां लाइटिंग और तोरण की विशेष व्यवस्था से पूरा रायगढ़ राममय हो गया है। गत दिवस कलेक्टर और एसएसपी के साथ हुई बैठक में उन्होंने भरपूर सहयोग देने का ठोस आश्वासन दिया। कल शोभायात्रा में प्रशासन की पहल से शहर 3 से 4 जगह एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी, जिसमें डॉक्टर्स और चिकित्सा दल मौजूद रहेंगे।

### पीसी में इनकी रही मौजूदगी

प्रेसवार्ता में रामनवमी आयोजन समिति से महापौर जीवर्धन चौहान के साथ आशीष ताम्रकार, दीपक पांडेय, प्रदीप गर्ग, सुरेश गोयल, गुरूपाल भल्ला, उमेश अग्रवाल, शाखा यादव, विकास केडिया, प्रवीण द्विवेदी, आशीष यादव, अमित शर्मा, पवन अग्रवाल, गोपाल बापोडिया, ओंकार तिवारी, पूजा चौबे सहित आयोजन समिति से जुड़े सक्रिय रामभक्त मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालय कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को

**रायगढ़, 27 मार्च।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में संचालित राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना (संशोधित) के तहत कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय प्राक्चयन परीक्षा की सूचना जारी की गई है। यह योजना प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट शैक्षणिक शिक्षा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस., क्लैट और एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराती है। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ही विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। इस वर्ष चयन परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी केवल अनुसूचित क्षेत्र, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र (रायगढ़ जिले के लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार और खरसिया) तथा विशेष रूप से कमजोर जनजातियों के स्कूलों के छात्र होंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में चयन हेतु मापदण्ड तैयार किया गया है। जिसके तहत विद्यार्थी को किसी विद्यालय से कक्षा 8 वीं प्रथम श्रेणी/ समक्षक ग्रेड में उत्तीर्ण होना चाहिए। वर्ष 2025-26 में कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण/परीक्षा में शामिल विद्यार्थी ही प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित परिवार के बच्चों के लिए चयन के मापदण्ड शिथिल है अर्थात नक्सल हिंसा प्रभावित परिवार के विद्यार्थी यदि इस प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन करता है उसे सर्व-प्राथमिकता देते हुए सीधे चयन किया जाएगा।

### खादी वस्त्र ही नहीं, विचारधारा भी है: मनोज कुमार

**कांकेर, 27 मार्च** । खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्यरत विभाग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार आज कांकेर के गोविंदपुर स्थित खेल मैदान पहुंचे जहां पर उन्होंने ग्रामोद्योग विकास योजना अंतर्गत प्रदेशभर से आए 580 हितग्राहियों को विभिन्न गतिविधियों जैसे-कुम्हारी, दोना-पत्तल निर्माण, फुटवियर निर्माण, मधुमक्खी पालन, इमली प्रसंस्करण, प्लंबर जैसी विभिन्न सृजनात्मक कार्यों से संबंधित मशीनों एवं टूलकिट का वितरण किया। इस अवसर पर हितग्राहियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि खादी वस्त्र ही नहीं, यह एक विचारधारा भी है। गोविंदपुर के खेल मैदान में आयोजित टूलकिट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हर हाथों को हुनर दिलाने, उन्हें कुशल बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास और उत्थान पर सतत कार्य कर रहे हैं। उनके विजन-2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी पूरा हो सकता है, जब प्रत्येक व्यक्ति हर दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर बनें। अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा को पूर्ण करने प्रदेश की साय सरकार लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश सशक्त होगा तो देश भी सशक्त होगा और इसमें खादी ग्रामोद्योग विभाग सहित प्रत्येक नागरिक की भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने स्वदेशी उत्पाद अपनाने पर जोर देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा ग्रामोत्थान की संकल्पना इस बात से पता चलता है कि विभाग द्वारा 90 प्रतिशत तक की अनुदान राशि का प्रावधान किया गया है। श्री मनोज कुमार ने सभी हितग्राहियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने, आधुनिक टूलकिट का सदुपयोग करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की बात कही।इसके पहले छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग के अध्यक्ष श्री राकेश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश को दशा और दिशा देने की शुरूआत ग्राम विकास से कर रहे हैं।

# रामनवमी पर जिला प्रशासन ने नाबालिग का विवाह रुकवाया और परिवार को दी समझाइश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,27 मार्च।** रामनवमी के पावन अवसर पर रायगढ़ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की सतर्कता से एक नाबालिग बालिका का विवाह होने से रोक दिया गया। प्रशासन को सूचना मिली थी कि शहरी क्षेत्र में 16 वर्षीय बालिका का विवाह कराया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग और चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम ने बिना देर किए मौके पर दबिश दी। उस समय विवाह की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और बारात के प्रस्थान की तैयारी चल रही थी। टीम ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए विवाह की प्रक्रिया को रुकवाया और परिजनों से बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा।दस्तावेजों के सत्यापन में जो तथ्य सामने आए, उन्होंने सभी को चौंका दिया। बालिका की आयु मात्र 16 वर्ष 05 माह 13 दिन पाई गई, जो कि विधि द्वारा निर्धारित न्यूनतम वैवाहिक आयु 18 वर्ष से काफी कम है। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से विवाह रुकवा दिया और स्पष्ट कर दिया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। यह पूरी कार्रवाई कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशों के तहत की गई, जिन्होंने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के निर्देश पहले से ही दे रखे हैं। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बालिका के परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

प्रशासनिक टीम ने परिजनों से एक लिखित घोषणा पत्र भी भरवाया, जिसमें उन्होंने यह शपथ ली कि बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले उसका विवाह नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही सामुदायिक भवन के संचालक को भी मौके पर तलब किया गया और सख्त हिदायत दी गई कि भविष्य में किसी भी वैवाहिक कार्यक्रम के लिए भवन किराए पर देने से पहले वर-वधु के आयु प्रमाण पत्रों का अनिवार्य रूप से सत्यापन सुनिश्चित करें। कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, विधिक सह-परिवीक्षा अधिकारी, सेक्टर पर्यवेक्षक, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक, पुलिस विभाग के आरक्षक तथा संबंधित वार्ड के पार्षद की सक्रिय भूमिका रही। सभी के समन्वय से यह संभव हो सका कि एक नाबालिग बालिका को समय से पहले विवाह के बंधन में बंधने से बचा लिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह जैसी गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या नजदीकी प्रशासनिक कार्यालय को सूचित करें, ताकि समय रहते ऐसी कुरीतियों पर रोक लगाई जा सके।

# खड़े वाहनों से फिर होने लगी डीजल चोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़,27 मार्च।** घरघोड़ा क्षेत्र में एक बार फिर डीजल चोरों ने दस्तक देकर पुलिस व्यवस्था को खुली चुनौती दे दी है। वार्ड क्रमांक 2 निवासी गोपाल पाण्डेय ने थाना घरघोड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पाण्डेय रोड लाइन की वाहन से अज्ञात चोरों ने करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया।

घटना 26 मार्च की शाम की बताई जा रही है, जब वाहन जय बालाजी पेट्रोल पंप के पास खड़ा था और ड्राइवर गाड़ी में ही सो रहा था। इसी दौरान चोरों ने मौका पाकर डीजल टंकी का ढक्कन तोड़ दिया और पूरी टंकी खाली कर फरार हो गए।सुबह जब ड्राइवर की नींद खुली, तो टंकी टूटी हुई मिली और डीजल गायब था। उसने तुरंत वाहन मालिक को सूचना दी। मौके पर पहुंचे गोपाल पाण्डेय ने देखा कि टंकी का ताला टूटा हुआ है और सारा डीजल चोरी हो चुका है। इसके बाद उन्होंने थाना घरघोड़ा में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अज्ञात चोरों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि नए एसएसपी शशि मोहन सिंह के पदस्थापना के बाद डीजल चोरी की घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगी थी, लेकिन अब एक बार फिर चोर सक्रिय नजर आ रहे हैं। यदि समय रहते इन पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई।

# दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से जिले के पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

**मोहला 27 मार्च** । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत बलौदा बाजार के पंडित चक्रपाणि शुक्ल हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में आयोजित प्रदेश स्तरीय राशि वितरण कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर राज्य के 4 लाख 95 हजार 965 हितग्राहियों के खाते में 495 करोड़ 96 लाख 50 हजार रुपए हस्तांतरित किए।

रिमोट का बटन दबाते ही जिले के हितग्राहियों के खातों में 10 हजार रुपए की राशि अंतरित हुई। इनमें तहसील मोहला के 457, तहसील मानपुर के 681, तहसील चौकी के 748, तहसील खड़गांव के 164 एवं तहसील औंधी के 214 हितग्राही शामिल हैं। इस तरह जिले के कुल 2 हजार 264 हितग्राही लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से 10 हितग्राहियों को उनके खातों में राशि हस्तांतरण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला स्तरीय राशि वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री जी. आर. मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री डीआर ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के माध्यम से भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है। हमें इस सहयोग राशि का बेहतर उपयोग कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। समाज के समग्र विकास में हम सभी की भागीदारी आवश्यक है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का लाइव प्रसारण देखा। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई एक प्रमुख योजना है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के भूमिहीन कृषि श्रमिकों को संबल प्रदान करना है।

# पेयजल समस्या के निदान के लिए जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ गठित

**रायगढ़, 27 मार्च** । ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन/संधारण हेतु जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष नंबर 07762-222972 है। यह प्रकोष्ठ 30 जून 2026 तक के लिए प्रभावी रहेगा।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्र.सहायक अभियंता श्री गीतेन्द्र पटेल मोबा.नं. 94061-55333 को नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सहायक मानचित्रकार श्री आर.के.खलखो मोबा.नं.88393-90621, अनुरेखक कु.सुमन मोबा.8109992595 एवं श्री दिलीप साहू मोबा.नं.97136-25981 को नियंत्रण प्रकोष्ठ सहायक बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगी। प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु एक रजिस्टर संधारित किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन के प्राप्त शिकायतों का पूर्ण विवरण दर्ज होगा एवं संबंधित सहायक अभियंताओं/उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत करायेंगे तथा शिकायत की तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी उल्लेख रजिस्टर में होगा। जिला स्तर पर खण्ड कार्यालय रायगढ़ एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखण्ड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जाएगी। शिकायत/सुझाव उक्त स्थलों पर दर्ज किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त विभागीय टॉल फ्री नंबर 1916 में भी शिकायत/ सुझाव दर्ज किए जा सकेंगे।

पेयजल प्रकोष्ठ हेतु उपखण्ड स्तर पर अधिकारी-कर्मचारी नियुक्तउपखण्ड स्तर पर भी अधिकारी-कर्मचारी पेयजल प्रकोष्ठ के तहत 30 जून 2026 तक के लिए अपने आवंटित कार्य के अतिरिक्त पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। इनमें उपखंड कार्यालय रायगढ़ में प्र.सहायक अभियंता श्री गीतेन्द्र पटेल मोबा.नं. 94061-55333, विकासखण्ड रायगढ़ प्रभारी श्रीमती आरती साव-उपअभियंता मोबा.नं.82230-63440 एवं विकासखण्ड पुसौर प्रभारी श्री गीतेन्द्र पटेल-उप अभियता मोबा.नं.94061-55333 पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। इसी तरह उपखंड कार्यालय घरघोड़ा में श्री परिमल तिवारी-सहायक अभियंता मोबा.नं.88783-59171, विकासखण्ड घरघोड़ा प्रभारी श्रीमती वर्षा महंत-उप अभियता मोबा.नं.9340725002, विकासखण्ड तमनार प्रभारी श्रीमती संध्या चतुर्वेदानी-उप अभियंता मोबा.नं.8349950218 तथा विकासखण्ड लैलूंगा प्रभारी श्री विकास एक्का-उपअभियंता मोबा.नं.7999903181 पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। उप खण्ड कार्यालय खरसिया में श्री श्रीराम नरनावरे-सहायक अभियंता मोबा.नं.94062-43647, विकासखण्ड खरसिया प्रभारी कु.उमा सिदार-उप अभियंता मोबा.नं.77480-23595 तथा उपखण्ड कार्यालय धरमजयगढ़ प्रभारी श्री जी.एस.चौहान-सहा.अभियंता मोबा.नं.8770530776 एवं विकासखण्ड धरमजयगढ़ प्रभारी श्री जे.सी.भगत-उप अभियंता मोबा.नं.9131044438 पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे।

# डीएक्टिवेट आधार को फिर मिलेगी पहचान:विशेष शिविर में सैकड़ों हितग्राहियों का हुआ पुनः सत्यापन

**रायगढ़, 27 मार्च।** जिले में डीएक्टिवेट एवं निष्क्रिय हो चुके आधार नंबरों को पुनः सक्रिय कर नागरिकों को उनकी पहचान और अधिकार वापस दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने प्रभावी पहल की है। इसी क्रम में बुधवार को सृजन सभा कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भाग लेकर अपने आधार का पुनः सत्यापन कराया। पूर्व सूचना एवं व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से हितग्राहियों को शिविर में आमंत्रित किया गया था, जिससे सुव्यवस्थित उपस्थिति सुनिश्चित हुई। शिविर में उपस्थित प्रत्येक हितग्राही के आधार का गहन सत्यापन करते हुए बायोमैट्रिक अपडेट एवं लाइव फोटो लिया गया। साथ ही पहचान एवं



पते से संबंधित दस्तावेजकृजैसे वोटर आईडी, राशन कार्ड आदिकृका भी सत्यापन किया गया।यह पूरी प्रक्रिया भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई हैदराबाद से आए मैनेजर मोहम्मद सोबान के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। शिविर में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, सीएससी जिला प्रबंधक तथा जिले के आधार ऑपरेटरों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए शिविर को सफल बनाया। यूआईडीएआई के प्रतिनिधि मोहम्मद सोबान ने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने में लगभग 2 से 3 माह का समय लगेगा, जिसके पश्चात वर्तमान में निष्क्रिय आधार नंबरों को पुनः सक्रिय कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन की यह पहल उन नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, जिनकी पहचान किसी कारणवश निष्क्रिय हो गई थी। आधार के पुनः सक्रिय होने से हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी और वे पुनः शासन की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

# विवाद में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 27 मार्च।** भिलाई काम के दौरान मामूली विवाद में साथी के प्राणघातक हमले में गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई मृतक का नाम गोविंद यादव ( 55 साल ) है और वह समोदा गांव का रहने वाला था सप्ताह भर पहले 20 मार्च को आरोपी परमेंद यादव ( 40 साल ) निवासी समोदा ने राइस मिल में काम करने के दौरान नशे में विवाद के बाद गोविंद यादव पर तेज धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर दिया था दुर्ग पुलिस की त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी परमेंद यादव को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया था। अब घायल मजदूर गोविंद यादव की श्री शंकराचार्य अस्पताल में इलाज के दौरान मौत के बाद आरोपी पर हत्या का मामला जोड़ दिया गया है जेवरा सिरसा पुलिस चौकी के मुताबिक 20 मार्च 2026 को प्रातः लगभग 07-30 से 08-00 बजे के बीच ग्राम समोदा में एक मजदूर पर प्राणघातक हमला किए जाने की सूचना प्राप्त हुई सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया प्राथमिक जांच में पाया गया कि आरोपी परमेश्वर यादव द्वारा शराब के नशे में काम को लेकर हुए विवाद के कारण गुस्से में आकर प्रार्थी पर धारदार हथियार से हमला किया गया प्रकरण में बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी को चिन्हित कर तत्काल घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार जप्त किया गया आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

# आयुक्त ने बैठक में विकास कार्यों और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

**मोहला 26 मार्च** । संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागों द्वारा संचालित कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, डीएफओ श्री दिनेश पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कहा कि जिले का समग्र विकास एवं आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। अतः कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों तथा पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। उन्होंने एसडीएम को निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की भी समीक्षा की। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण विद्युतीकरण एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

खाद्य विभाग के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण, भंडारण एवं बायोमैट्रिक व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उद्योग विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने औद्योगिक योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए जिले में राइस मिल संचालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्नत फसलों की स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने मक्का प्रोसेसिंग यूनिट हेतु औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, एग्रो आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने एवं फसल परिवर्तन अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में कुपोषण दर तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति पर चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर तथा संस्थागत प्रसव की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति एवं एकल शिक्षक वाले स्कूलों में पंचायत स्तर पर शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### ढाई किलो गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**रायपुर 27 मार्च।** मारवाड़ी श्मशान घाट क्षेत्र से एक महिला गांजा श्रीमती मंशा पाण्डेय, पति रविराज पाण्डेय, 23 निवासी दुलारी नगर को पुरानी बस्ती पुलिस ने गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अलग-अलग पैकेटों में रखा 2 किलो 408 ग्राम गांजा, कीमत लगभग 25,000 जप्त किया गया। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) दर्ज किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि गांजा को छोटे-छोटे पैकेट बनाकर फुटकर बिक्री करती थी। उसके सप्लाई स्रोत, नेटवर्क एवं अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है।

### आईजी रतनलाल डांगी निलंबित

**रायपुर 27 मार्च।** पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी को अखिल भारतीय सेवा(अनुशासन व अपील) नियम 1969 के नियम 3(1)(ए) के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री डांगी का मुख्यालय पुलिस मुख्यालय रहेगा व नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। निलंबन आदेश में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि श्री डांगी की आपत्तिजनक तस्वीरों के इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के कारण आम जनमानस और समाज में पुलिस विभाग की छवि काफी धूमिल हुई है। इस अनैतिक कृत्य के लिए रतन लाल डांगी (भा.पु.से.) को व्यक्तिगत स्तर पर पूर्ण रूप से जिम्मेदार माना गया है।

### समाज कल्याण सचिव यादव से मिले युवा इनोवेटर रवि, दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए पेश की नेविनॉट और साइनएक्स तकनीक



**रायपुर 27 मार्च।** यूनिसेफद्वारा सम्मानित ग्लोबल यूथ इनोवेटर और एलियन इनोवेशंस के 21 वर्षीय संस्थापक रवि किरण ने छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग के सचिव भुवनेश यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात में उनके साथ स्टार्टअप में ऑपरेशंस और पार्टनरशिप की जिम्मेदारी संभाल रहीं हर्षिता भी उपस्थित थीं। विशेष बात यह है कि ये दोनों ही युवा अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ-साथ इस नवाचार के जरिए समाज में बदलाव ला रहे हैं। इस अहम मुलाक़ात का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उनके दैनिक जीवन को अधिक स्वतंत्र व सुलभ बनाने के लिए विकसित किए गए अत्याधुनिक उपकरणों - नेविनॉट और साइनएक्स का प्रदर्शन करना था। बैठक के दौरान सचिव श्री यादव के समक्ष इन मेड इन इंडिया तकनीकों की कार्यप्रणाली और हजारों दिव्यांगों के जीवन में इनके सकारात्मक प्रभाव पर विस्तृत चर्चा की गई। रवि ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए भारत का पहला टॉर्च के आकार का कॉम्पैक्ट सहायक उपकरण नेविनॉट प्रस्तुत किया। यह उपकरण बिना पारंपरिक छड़ी के बाधा-मुक्त और सुरक्षित रूप से चलने में मदद करता है। इसमें सटीक रूप से बाधाओं का पता लगाने के लिए एडवांस्ड लिडार सेंसर और अलर्ट के लिए टैक्टाइल वाइब्रेशन की सुविधा है। इसके साथ ही श्रवण एवं वाक् बाधित (मूक-बधिर) व्यक्तियों के लिए साइनएक्स का भी प्रदर्शन किया गया। यह स्मार्ट डेस्क-आधारित एआई उपकरण बिना किसी दुभाषिए के रीयल-टाइम संवाद को संभव बनाता है। यह 97.6 प्रतिशत सटीकता के साथ सांकेतिक भाषा को पहचानकर उसे तुरंत आवाज में बदल देता है, और स्पीच-टू-टेक्स्ट फीचर के जरिए सामने वाले की बातों को स्क्रीन पर दिखाता है। समाज कल्याण सचिव भुवनेश यादव ने इन नवाचारों की गहरी सराहना करते हुए बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तकनीक के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोडऩा शासन की प्राथमिकताओं में से एक है। यादव ने इन उपकरणों की व्यावहारिक उपयोगिता को देखते हुए भविष्य में इन्हें प्रोत्साहित करने और सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों व शिक्षण संस्थानों में इनके उपयोग की संभावनाओं पर भी सार्थक विचार-विमर्श किया। यह बैठक तकनीकी नवाचारों और सरकारी प्रयासों के समन्वय से दिव्यांग समुदाय के लिए एक समावेशी, समान और सुलभ वातावरण तैयार करने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

# रामनवमी के उल्लास में डूबी राजधानी, मठ-मंदिरों में की गई विशेष सजावट

■ **भजन-कीर्तन और आरती के साथ होगी आतिशबाजी**

**रायपुर 27 मार्च।** रायपुर में आज रामनवमी का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है. शहर के मठ और राम मंदिर आकर्षक रोशनी और सजावट से जगमगा उठे हैं. भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर सुबह से ही भक्ति का माहौल है, वहीं शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी.

सीएम साय जशपुर से पहुंचेंगे रायपुर, रामनवमी पर आज निकलेंगी भव्य झांकियां, पं. विजय शंकर मेहता देंगे व्याख्यान, कोरबा में 'हनुमंत कथा' सुनाएंगे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, कांग्रेस पहली बार पंचायत स्तर पर बनाएगी समितिज्समेत पढ़ें अन्य खबरें करीब 500 साल पुराने प्राचीन दूधाधारी मठ और जैतूसाव मठ में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण का विशेष अभिषेक किया जाएगा. महंत राम सुंदर दास द्वारा सोने के मुकुट से भगवान का श्रृंगार किया जाएगा. वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर को विशेष रूप से आकर्षक सजावट से सजाया गया है, जहां शाम को आतिशबाजी भी देखने को मिलेगी. वहीं ब्राह्मणपारा स्थित सोहागा मंदिर में आज सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा. शाम 5:30 बजे से भक्त मंडलियां भक्ति प्रस्तुति देंगी. कार्यक्रम के बाद मंगल आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. शांतिनगर श्रीराम मंदिर में आज विशेष पूजन और संकीर्तन का आयोजन किया गया है. सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक सुंदरकांड पाठ, इसके बाद भजन-कीर्तन और आरती होगी. दोपहर 2 बजे तक महाप्रसाद भंडारे का आयोजन रहेगा, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे. समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रामनवमी के अवसर पर महापूर्णाहुति का आयोजन किया जा रहा है. यहां पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ चल रहा है, जिसमें श्रद्धालु यज्ञ में आहुति देकर जनकल्याण, समाज कल्याण और राष्ट्र कल्याण की कामना कर रहे हैं.



# जसगीतों के साथ हुआ जोत-जंवारा विसर्जन

**रायपुर27 मार्च।** गुरुवार को हवन के पश्चात शुक्रवार की सुबह से जसगीतों के साथ जोत जंवारा विसर्जन शुरू हो गया। शहर के सबसे पुराना कंकाली तालाब में जंवारा विसर्जन देखने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के अलग-अलग हिस्सों जिसमें आमापारा, केलकपारा, बढ़ाईपारा, मंगलबाजार से जोत जंवारा के साथ बड़ी संख्या में भक्त सांग लिए हुए थे जो जसगीत की धुन में झूम रहे थे। इसके साथ ही नवरात्र पर्व पर उपवास रखने वाले भक्तों ने सुबह मंदिरों में पहुंचकर मां की पूजा-अर्चना कर उपवास का समापन किया। वहीं नवरात्र पर्व को लेकर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में भंडारा का भी आयोजन किया जा रहा है। वहीं चिलचिलाती धूप व गर्मी से बचने के लिए मंदिर समिति व श्रद्धालु भक्त सुबह से ही जोत जंवारा व सांग धारण किए भक्तो के पैरों में छाला ना पड़ जाए इसके लिए जगह-जगह पर पानी की बौछारे कर रहे थे। कंकाली तालाब में पहुंचने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्योति कलश विसर्जित किया गया।



## हाइवे पर हेलमेट अनिवार्य करने मुख्यमंत्री को पत्र





**रायपुर 27 मार्च।** नहर पारा विकास समिति इंदिरा गांधी वार्ड के अध्यक्ष रमेश आहुजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लिखे पत्र में मांग की है कि केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के स्पष्ट निर्देश के बाद भी हेलमेट लगाने का आदेश नहीं देने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच समिति गठित की जए। गडकरी ने ही जानकारी दी है कि सन् 2023 में 13468 दुर्घटना में 6166 मौत, सन् 2024 में 14857 हादसों में 6945 मृत्यु सन् 2025 में 13504 दुर्घटना में 5955 मौतें हुई है।यानी सन् 2023 से 2025 तक करीब 20 हजार लोगों की मौत हेलमेट नहीं लगाने के कारण हुई है। गडकरी ने सभी राज्यों के परिवहन मंत्रियों को हेलमेट लगाने के आदेश का क्रियान्वयन करने को कहा था। आहूजा ने मुख्यमंत्री को हेलमेट अनिवार्य करने के संबंध में इसी वर्ष 31 जनवरी व 6 फरवरी को पत्र लिखा था। इसके बाद परिवहन आयुक्त ने आहूजा को पत्र प्रेषित कर बताया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं छग मोटरयान नियम 199 के तहत दो पहिया सवारों के लिए हेलमेट पहनना कानूनो के रूप से पहले से ही अनिवार्य है। आहूजा ने कहा है कि प्रश्न यह है कि जब नियम पहले से ही प्रभावशील है तो इसका क्रियान्वयन क्यों नहीं कराया गया है। ऐसे में बीस हजार मौतों का जिम्मेदार कौन है? आहूजा ने मांग की है कि पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर की अध्यक्षता तथा बेबाक व बेदाग छवि वाले पूर्व विधायक के द्वारा सत्यनारायण शर्मा देवजी पटेल की सदस्यता में एक जांच कमेटी गठित की जाए। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारियों का निलंबित कर उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाए साथ ही पुलिस कमिश्पर को हाइवे पर हेलमेट अनिवार्य करने का निर्देश दिया जाए। उन्मूलन के लिए आपको बधाई।

## भंडारे के लिए प्रसादी बनाने लकड़ी चूल्हा का उपयोग कर संकट में निकाला समाधान

**रायपुर 27 मार्च।** एलपीजी की सुविधा नवरात्रि में सार्वजनिक भंडारा कराने वालों को इस बार नहीं मिल पा रही है इसलिए कि इज़राइल, अमेरिका और ईरान के बीच जंग के चलते वैश्विक संकट से उपलब्धता घट गई है। लोग भी समझ रहे हैं कि ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

इस दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर, रांवाभाठा में अविनाश पांडे के नेतृत्व में इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन हर वर्ष की तरह भव्य रहा, किन्तु इस बार भंडारे में गैस के स्थान पर लकड़ी का उपयोग कर भोजन तैयार किया गया। लगभग 300 किलोग्राम आटे की पूड़ियाँ एवं सब्ज़ी तैयार करना अपने आप में एक बड़ी चुनौती थी, क्योंकि आज के समय में लकड़ी से खाना बनाने की परंपरा लगभग खत्म हो चुकी है।शुरुआत में रसोईये भी इस कार्य के लिए तैयार नहीं हो रहे थे, लेकिन समिति के सदस्यों के प्रयास, सहयोग और मेहनत से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। सभी साथियों ने स्वयं श्रमदान कर इस आयोजन को सफल बनाया। इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले प्रमुख साथियों में अवनीश पांडे, शिव कुमार सिंह,अनीश मिश्रा, सतेंद्र गिरी, सूरज तिवारी, करण सिंह, निलेश पांडे, अक्षय पांडे, मोंटू भैया, अवधेश गोस्वामी, राजू तिवारी, छोटे लाल (ढाबा वाले), विजय शर्मा, शंकर यादव, लोकनाथ साहू, संतोष साहू, भूपेंद्र द्वेदी एवं अन्य सदस्यगण शामिल रहे।



डोंगरगढ़ 27 मार्च। नगर के प्रमुख मार्ग वार्ड नंबर 21 में डामरीकरण रोड का भूमि पूजन किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे जी उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सभापति अमित जैन वार्ड नंबर 21 का पार्षद मेनका राजेश कंडरा महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़ किसान मोर्चा महामंत्री अजय शर्मा, राजेश कंडरा,नागेश कंडरा, वार्ड वाशी शामिल थे।

## 10 अप्रैल से आत्मानंद स्कूलों में शुरू होगा प्रवेश

**रायपुर 27 मार्च।** प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू होगी। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। प्रदेश में वर्तमान में 403 अंग्रेजी माध्यम और 348 हिन्दी माध्यम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं, जिनमें नए सत्र के लिए प्रवेश दिए जाएंगे। रायपुर जिले में 36 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हैं। यदि किसी विद्यालय में सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो छात्रों का चयन कंप्यूटर आधारित लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया 6 मई से 10 मई 2026 के बीच पूरी की जाएगी, जबकि अन्य प्रवेश संबंधी कार्यवाही 11 मई से 15 मई तक की जाएगी। सह-शिक्षा वाले विद्यालयों में कुल सीटों का 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित रहेगा। यदि छात्राओं की संख्या कम रहती है, तो इन सीटों



को छात्रों से भरा जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने यह आदेश जारी किया है। प्रत्येक विद्यार्थी केवल एक ही विद्यालय में आवेदन कर सकेगा। वहीं, जो छात्र पहले से इन विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रवेश देने का अधिकार कलेक्टर की अध्यक्षता वाली सोसायटी को होगा। कक्षा छठी और 9वीं में प्रवेश सोसायटी के निर्णय के अनुसार होगा। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 मई 2026 तक 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच होना अनिवार्य है।

## रजबंधा सबस्टेशन व मेटलपार्क सिलतरा में सीएसईबी ने बढ़ाई क्षमता

**रायपुर 27 मार्च।** राजधानी के मध्य संभाग अंतर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र रजबंधा में 8 एमवीए के एक अतिरिक्त ट्रासफार्मर को एमडी (डिस्ट्रीब्यूशन) भीमसिंह कंवर ने चार्ज किया। 33/11 केवी रजबंधा सबस्टेशन में अपग्रेडेशन के साथ ही कुल क्षमता 10 एमवीए से बढ़कर 13 एमवीए हो गई है। इससे जयस्तंभ चौक, मौहदापारा, रविभवन, रजबंधा क्षेत्र के लगभग दो हजार से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। गर्मी के मौसम में बढऩे वाले लोड को देखते हुए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया जिससे घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति होगी। इसी कड़ी में मेटलपार्क सिलतरा में 132/33 केवी के नए उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है, जिसकी क्षमता 126 एमवीए है। इसे ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश कुमार शुक्ला ने ऊर्जीकृत किया। इसी के तहत मेटल पार्क रायपुर में 132/33 के.वी. के नए की स्थापना की गई है, जिसमें 63-63 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इस उपकेंद्र से 33 केवी के आठ फीडर में बिजली सप्लाई हो रही है। इससे ट्रांसपोर्ट नगर, कैलाश नगर, रावाँभाटा, बंजारी मंदिर के पीछे का क्षेत्र, अकबर बाड़ी, बिलासपुर रोड धनेली निमोरा अछोली, मेटल पार्क आरटीओ के पीछे, बीरगांव तालाब पास तथा ऊरकुरा सहित औद्योगिक क्षेत्र (उरला एवं रावांभाटा) के घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ प्राप्त होगा।

## कांग्रेस सरकार ने गोठानों को शराब तस्करी का अड्डा बना रखा था : उज्ज्वल दीपक

■ **गोठानों के माध्यम से राजीव मितान क्लब के लोगों को पोषित करती थी कांग्रेस पार्टी**

**रायपुर 27 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा कि भूपेश शासनकाल में छत्तीसगढ़ के गोठानों में अवैध शराबखोरी का काम कांग्रेस पार्टी और राजीव मितान क्लब के लोगों द्वारा कराई जाती थी। उन्होंने कहा कि राजीव मितान क्लब के लोगों को तात्कालिक भूपेश बघेल सरकार पोषित करती रही और इन्हीं के माध्यम से शराब की अवैध बिक्री भी कराई जाती थी। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि राजीव मितान क्लब के लोगों द्वारा गोठानों में शराबखोरी की जाती थी उसका वीडियो भी सोशल मीडिया में प्रसारित हो चुका है। प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली तात्कालिक भूपेश



बघेल सरकार के संरक्षण में अन्य प्रदेशों से शराब लाकर बेची जाती थी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने वाली कांग्रेस पार्टी हमेशा की तरह आज भी जनता के सामने झूठ परोस रही है । आपदा को अवसर समझने वाली कांग्रेस पार्टी आज भी जब दुनिया के कई देशों में युद्ध चल रहा है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है इस पर जनता को भरमाने की कोशिश कर रही है। छत्तीसगढ़ को गांधी परिवार का एटीएम बनाने वाले कांग्रेसी और तात्कालिक भूपेश सरकार आज भाजपा के ऊपर आरोप लगा रहे है। लेकिन प्रदेश कांग्रेस का कलुषित चेहरा प्रदेश की जनता भलीभांति जान चुकी है , कि कांग्रेस पार्टी केवल वोट बैंक की राजनीति करती है। प्रदेश की जनता ने 2018 के विधानसभा चुनाव में किए कांग्रेस के झूठे वादों को आज तक नहीं भूल पाई है। जनता को सिर्फविकास करने वाली, प्रदेश की जनता को संरक्षण देने वाली, और प्रदेश में खुशियां लाने वाली भारतीय जनता पार्टी ही चाहिए, न की दशकों तक देश को लूटने वाली कांग्रेस पार्टी।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

रा.प्र.क. .......... / अ 2 वर्ष 2025-26
ग्राम-पोंड़ी, प.ह.नं.-20

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम-पोंड़ी को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा ''व्यवसायिक प्रयोजन'' में अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | आवेदक/आवेदिका का नाम | पिता/पति का नाम | जाति | ग्राम का नाम | खसरा नं. | कुल रकबा | प.ह.न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सत्येन्द्र वर्मा | रामभजन वर्मा | कुर्मी | पोंड़ी (तहसील बोड़ला) | 355/22 | 0.012 हे. | 20 |

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 06/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 19/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
**जारी दिनांक - 19/03/2026**
**पेशी दिनांक - 06/04/2026**

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोड़ला



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

रा.प्र.क. .......... / अ 2 वर्ष 2025-26
ग्राम-पोंड़ी, प.ह.नं.-20

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम-पोंड़ी को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा ''व्यवसायिक प्रयोजन'' में अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | आवेदक/आवेदिका का नाम | पिता/पति का नाम | जाति | ग्राम का नाम | खसरा नं. | कुल रकबा | प.ह.न. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सत्येन्द्र वर्मा | रामभजन वर्मा | कुर्मी | पोंड़ी (तहसील बोड़ला) | 340/16<br>340/18 | 0.012 हे.<br>0.010 हे. | 20 |

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 06/04/2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 19/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
**जारी दिनांक - 19/03/2026**
**पेशी दिनांक - 06/04/2026**

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोड़ला


## धमतरी जिले के विकासखंड नगरी के

# प्रतिभावान स्कूली बच्चों ने राज्यपाल से मुलाकात की


**रायपुर 27 मार्च।** राज्यपाल रमेन डेका से आज लोकभवन में धमतरी जिले के सुदूर आदिवासी एवं वनांचल विकासखंड नगरी के विशेष प्रतिभावान स्कूली बच्चों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान बच्चों की प्रतिभा और उपलब्धियों पर राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस समूह में शामिल 22 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए हुआ है, जबकि पांच बच्चों ने स्पोकन इंग्लिश में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। क्षेत्र की विशेष प्रतिभा एआई वीडियो क्रिएटर सातवीं कक्षा की छात्रा कुमारी गरिमा साहू द्वारा तैयार वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसकी राज्यपाल श्री डेका ने सराहना की और उसे आगे बढऩे के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने इन बच्चों की सफलता में योगदान देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया और कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को आगे बढ़ाने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।





राज्यपाल ने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना बहुत आवश्यक है। लक्ष्य को सामने रखकर निरंतर मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सरकारी स्कूलों के बच्चों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है। राज्यपाल ने उपस्थित सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बच्चों से कहा कि इस राशि का उपयोग अपनी पढ़ाई और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में करें। साथ ही, उन्हें गुल्लक भी प्रदान किए गए, ताकि उनमें नियमित बचत की आदत विकसित हो सके। इस अवसर पर राज्यपाल की उपसचिव श्रीमती निधि साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्राम सरपंच, संबंधित स्कूलों के प्रधान पाठक, शिक्षक उपस्थित थे।






















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26